www.tamsasanket.com
वर्ष: 30 || अंक 303 || अम्बेडकरनगर
गुरुवार
29 जनवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 06:54
सूर्यास्त: 05:45
अधिकतम: 21°00
न्यूनतम: 11°00



पेज 07

विशेष समाचार | जातिगत भेदभाव पर लगेगी... >> पेज 04 | बरेली सिटी मजिस्ट्रेट को ले... >> पेज 06 | अरिजीत सिंह ने छोड़ी प्लेबैक...

हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई

## महाराष्ट्र डिप्टी सीएम अजित पवार का प्लेन क्रैश में निधन, बारामती में लैंडिंग के दौरान गिरकर खाक

# नहीं रहे अजित पवार





एनसीपी नेता नवाब मलिक और जीशान सिद्दीकी महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी नेता अजित पवार को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए विद्या प्रतिष्ठान पहुंचे।

बारामती एयरपोर्ट पर एयरफोर्स ने एक स्पेशल टीम मौके पर भेजी है। यह टीम एयरपोर्ट पर हवाई ट्रैफिक कंट्रोल और मौसम से जुड़ी जरूरी जानकारी देने का काम कर रही है। इसका मकसद यह है कि हादसे के बाद भी वहां फ्लाइट ऑपरेशन सुरक्षित तरीके से किया जा सके और राहत कार्यों में कोई दिक्कत न आए।

### चश्मदीद बोली- लाश के टुकड़ों पर कंबल ढंके

प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया, "विमान का विस्फोट इतना जोरदार था कि कोई भी कुछ नहीं कर सका। रेस्क्यू टीम आई और पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। पुलिस भी आई और उन्होंने हमसे पानी लाने को कहा। हम बाल्टियों में पानी लाए। अजित पवार का शव उछलकर एक तरफ जा गिरा था। हमने यह अपनी आंखों से देखा। हमने एक नया कंबल दिया और उसमें उनका शव लपेटकर रखा गया। करीब आधे घंटे तक आग सुलगती रही। चश्मे और घड़ी से हमने पहचाना कि ये अजित दादा ही हैं।"

**दुःखद**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई । महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार का निधन हो गया है। बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। वे 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई। पवार 5 फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए चार रैलियों को संबोधित करने वाले थे। वे मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे। केंद्रीय एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने बताया कि पायलट ने बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह प्लेन को दोबारा ऊंचाई पर ले गया।

पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई।

>> (शेष पेज 06 पर)



### फडणवीस बोले- ममता का राजनीति में इतना नीचे गिरना बेहद गलत

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वरिष्ठ नेता शरद पवार खुद साफ तौर पर कह चुके हैं कि यह एक हादसा था, जिसमें लोगों की जान गई है, और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

फडणवीस ने कहा, "मुझे बहुत दुख है कि हम ऐसे दौर में पहुंच गए हैं, जहां किसी की मौत पर भी गंदी राजनीति की जा रही है। मुझे इस बात का भी बहुत अफसोस है कि ममता इस तरह का बयान दे रही हैं। राजनीति में इतना नीचे गिरना बेहद गलत है।"

### वीएसआर वेंचर्स का बयान- पायलट रनवे नहीं देख पाया

अजित पवार जिस कंपनी के प्लेन में हादसे का शिकार हुए उस VSR वेंचर्स ने एक बयान जारी किया है। जिसमें कहा है- 'पायलट रनवे नहीं देख पाया था। उसे करीब 16 हजार घंटे फ्लाइंग का अनुभव था। को-पायलट को करीब 1500 घंटे फ्लाइंग का अनुभव था। विमान में कोई तकनीकी खराबी नहीं थी। >> (शेष पेज 06 पर)



66 पीएम मोदी ने अजित के चाचा और एनसीपी-एसपी के नेता शरद पवार से बात की और बारामती में एयर क्रैश में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार की मौत पर शोक जताया। शरद बारामती हॉस्पिटल भी पहुंचे, जहां अजित समेत सभी मृतकों के शव रखे हैं।

### एकनाथ शिंदे की भावुक श्रद्धांजलि और जांच करने की बात

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने सहयोगी को याद करते हुए उन्हें एक 'कर्मठ योद्धा' बताया और कहा, यह दुखद घटना है. अजित दादा स्पष्ट वक्ता के रूप में जाने जाते थे. उनकी डिक्शनरी में 'देखता हूं, करता हूं' जैसे शब्द नहीं थे. बाहर से सबको लगता था कि वे बहुत कड़क हैं, लेकिन दिल के बहुत अच्छे थे. मेरे मुख्यमंत्री काल में उन्होंने डिप्टी मुख्यमंत्री के रूप में काम किया। >> (शेष पेज 06 पर)



### टीवी देख रही थीं अजित की मां, मौत की खबर न मिले इसलिए नौकरों ने केबल काटा

जिस वक्त हादसा हुआ, उनकी मां आशा बारामती के फार्महाउस में टीवी देख रही थीं। फार्महाउस के मैनेजर संपत धायगुडे ने बताया कि आशा ताई ने पूछा- क्या दादा का एक्सीडेंट हो गया? बेटे की मौत की खबर मां को ना मिले इसलिए हम लोगों ने बंगले का टीवी केबल तुरंत काट दिया। उनका मोबाइल फोन भी फ्लाइट मोड पर डाल दिया। हम उन्हें बता रहे थे कि कुछ नहीं हुआ है।

### महाराष्ट्र में 3 दिन के राजकीय शोक का ऐलान

मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बुधवार को राज्य में स्कूल-कॉलेज समेत सभी संस्थानों में छुट्टी घोषित की है। साथ ही 3 दिन के राजकीय शोक की भी घोषणा की गई है। पवार के अंतिम संस्कार का फैसला उनके परिवार से सलाह लेने के बाद किया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### 'अजित पवार विमान हादसे की जांच हो, सुप्रीम कोर्ट करे निगरानी' ममता बनर्जी, उमर अब्दुल्ला ने उठाई मांग



महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे ने अब एक नया राजनीतिक मोड़ ले लिया है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दूल्ला ने इस दुर्घटना को केवल एक 'हादसा' मानने से इनकार करते हुए इसकी हाई लेवल जांच की मांग की है. ममता बनर्जी ने बयानों के जरिए गंभीर सवाल उठाते हुए कहा, "अजित पवार की मौत की ठीक से जांच होनी चाहिए, जिसकी निगरानी सीधे सुप्रीम कोर्ट करे." उन्होंने संकेत दिया कि अजित पवार सत्ताधारी गठबंधन (महायुति) से दूरी बना रहे थे. पश्चिम बंगाल की CM ने शरद पवार और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और कहा कि वह इस खबर से गहरे सदमे में हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में एवलांच

सोमनर्ग। जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में लगातार जारी बर्फबारी से मंगलवार रात एवलांच (हिमस्खलन) आया। कई होटलों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि एवलांच मंगलवार रात 10.12 बजे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग रिजॉर्ट में हुआ।

महोत्सव **प्रशंसा**

### योगी-माता प्रसाद पांडेय मंच पर साथ बैठे

सिद्धार्थनगर । सीएम योगी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय मंच पर एक साथ बैठे नजर आए। सिद्धार्थनगर में सीएम के बगल में उनकी कुर्सी लगी थी। सीएम ने मंच से माता प्रसाद पांडेय की तारीफ की। कहा- आज उन्होंने साहस दिखाया कि इस महोत्सव में वे खुद आए और डुमरियागंज की सपा विधायक सैयदा खातून को भी साथ लाए। सीएम ने कहा- यह अच्छा प्रयास है। कोई ऐसा मंच होना चाहिए, जहां हम एक साथ विकास की बात कर सकें। यहां के जो विधायक मेरे पास प्रस्ताव लेकर आते हैं, मैं बिना भेदभाव और बिना काट-छांट के विकास परियोजनाओं के लिए पैसा देता हूं।

### मुंबई में फ्लाई ओवर 4-लेन से 2 लेन हुआ

मुंबई । मुंबई के मीरा-भायंदर इलाके में मेट्रो लाइन-9 प्रोजेक्ट के तहत बने नए डबल डेकर फ्लाई ओवर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से बना यह डबल-डेकर फ्लाई ओवर शुरुआत में फोर लेन का है लेकिन आगे चलकर अचानक सिर्फ टू लेन का रह जाता है।

## एनसीसी कैडेट्स 20 लाख पार : पीएम मोदी

### बधाई : लड़कियों की संख्या भी बढ़ी

**संबोधन**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को दिल्ली कैंटोनमेंट के कैरियप्पा परेड ग्राउंड में नेशनल कैडेट कोर (NCC) पीएम रैली में शामिल हुए। रैली की थीम 'राष्ट्र प्रथमकर्तव्य निष्ठ युवा' रही।

पीएम ने NCC में लड़कियों की संख्या बढ़ने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा- इस बार भी बड़ी संख्या में लड़कियों ने शिविर में हिस्सा लिया। मैं खासतौर पर उन्हें बधाई देता हूं। पीएम ने कहा कि



**पीएम बोले- दुनिया भारत को भरोसे से देख रही**

कुछ सालों में NCC कैडेट्स की संख्या 14 लाख से बढ़कर 20 लाख हो गई। खासकर बॉर्डर-तटीय इलाकों में काफी बढ़ोतरी हुई है। पीएम ने कार्यक्रम में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर दुख जताया।

>> (शेष पेज 06 पर)

## संसद में गूंजा 'विकसित भारत' का संकल्प

### राष्ट्रपति ने पेश किया सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड

**भाषण**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । 18वीं लोकसभा के बजट सत्र का पहला हिस्सा बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा की जॉइंट मीटिंग में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार देश में आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों से निपटने में सफल रही है। बजट सत्र 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा। यह दो हिस्सों में होगा। पहला हिस्सा 28 जनवरी से 13 फरवरी तक और दूसरा हिस्सा 9 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा। इस दौरान कुल 30 बैठकें होंगी। 28 जनवरी और 1 फरवरी को कोई शून्यकाल नहीं होगा। राष्ट्रपति ने



**संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण, 45 मिनट स्पीच दी, वीबी जी राम जी कानून का जिक्र करते ही विपक्ष का हंगामा, कानून वापस लो के नारे लगे**

> राष्ट्रपति ने 45 मिनट की स्पीच में वीबी- जी राम जी कानून का भी जिक्र किया। इस पर विपक्ष ने हंगामा किया और कानून वापस लो के नारे लगाए। उधर, एनडीए सांसदों ने समर्थन में नारेबाजी की। पीएम मोदी और अमित शाह भी मेज थपथपाते नजर आए।

कहा ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना का शौर्य पूरी दुनिया ने देखा है। भारतीय सेना ने आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया। मिशन सुदर्शन चक्र पर काम चल रहा है। देश ने पिछले दिनों श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती,



सरदार पटेल की 150वीं और भारत रत्न भूपेन हजारिका की जयंती समारोह मनाया जब देश अपने पूर्वजों के योगदान को याद करता है, तो नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है, जो विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा को और तेज करती है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### हम किसी को ना डराएं और न ही किसी से डरें : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'श्री गुरु तेग बहादुर जी ने हमें सिखाया-'भय काहूं को देत नहीं, नहीं भय मानत आन', यानी न हम किसी को डराएं और न ही किसी से डरें। इसी निडर मन और भावना के साथ हम देश की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

भारत ने यह सिद्ध किया है कि शक्ति का प्रयोग जिम्मेदारी और विवेक के साथ किया जा सकता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**रवानगी :** जिन्होंने अपमान किया, उन्हें औकात दिखानी होगी : अविमुक्तेश्वरानंद

## माघ मेला छोड़कर गए अविमुक्तेश्वरानंद

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रयागराज माघ मेला छोड़ दिया है। वह काशी के लिए रवाना हो गए हैं। इससे पहले, उन्होंने बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- आज मन इतना व्यथित है कि हम बिना स्नान किए ही विदा ले रहे हैं। इस दुख की भरपाई पता नहीं कौन सा नेता आएगा कौन सी पार्टी आएगी जो करेगी। प्रयागराज हमेशा से आस्था और शांति की धरती रही है। श्रद्धा के साथ यहां आया था, लेकिन एक ऐसी घटना हो गई, जिसकी मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी। जिन्होंने सनातनी प्रतीकों का अपमान किया है, उन्हें औकात दिखानी होगी। उन्होंने कहा कल



शंकराचार्य 11 दिनों से प्रयागराज माघ मेले में धरने पर बैठे हुए थे। आज उन्होंने मेला छोड़ दिया है।

मुझे माघ मेला प्रशासन की ओर से एक पत्र और प्रस्ताव भेजा गया। इसमें कहा कि मुझे पूरे सम्मान के साथ पालकी से संगम ले जाकर स्नान कराया जाएगा। मुझ पर फूल बरसाए जाएंगे, लेकिन मैंने प्रस्ताव को ठुकरा दिया। जब दिल में दुख और गुस्सा हो, तो पवित्र पानी भी शांति नहीं दे पाता। अब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है।

**बिना स्नान दुखी मन से लौट रहा हूं : अविमुक्तेश्वरानंद**

### घटना ने मेरी आत्मा को झकझोर दिया

शंकराचार्य ने कहा- इस घटना ने मेरी आत्मा को झकझोर दिया। इससे न्याय और मानवता के प्रति मेरा विश्वास कमजोर हुआ है। मैंने कुछ समय का मौन रखकर प्रार्थना भी की कि जिन लोगों ने अपमान किया है, उन्हें दंड मिले। मेरे सम्मान को ठेस पहुंचाने का प्रयास हुआ। इसके पीछे राज्य सरकार जिम्मेदार है।

वकील गौरव द्विवेदी ने चीफ जस्टिस को लेटर पिटिशन भेजकर मामले की CBI जांच कराने की मांग की है। >> (शेष पेज 06 पर)

## ओले से फसल बर्बाद उज्जैन में किसान ने की आत्महत्या

### समधी से आखिरी कॉल पर कहा- बयाना दे चुका, अब बहन की शादी कैसे होगी

**संकट**

तमसा संकेत, एजेंसी

उज्जैन । उज्जैन में आंधी, पानी और ओले से फसल बर्बाद होने के कारण बुधवार सुबह 30 साल के किसान ने आत्महत्या कर ली। उनका शव खेत में फांसी के फंदे पर मिला। फांसी लगाने से पहले किसान ने खराब फसल के वीडियो के साथ तड़प-तड़प के इस दिल से आह निकलती रही, मुझको सजा दी प्यार की, ऐसा क्या गुनाह किया गाने का वॉट्सएप स्टेटस लगाया था।

पुलिस के अनुसार, मृत किसान का नाम पंकज मालवीय था।

>> (शेष पेज 06 पर)



पंकज मालवीय, मृतक

### इधर फसलों का सर्वे शुरू

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार रात हुई आंधी, तूफान और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर राजस्व विभाग ने सर्वे की प्रक्रिया कल रात से ही शुरू कर दी है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### दो दिन पहले सगाई की, अप्रैल में होनी है बहन की शादी

मृतक के समधी ईश्वर लाल परमार ने बताया कि दो दिन पहले पंकज की बहन की सगाई हुई थी और अप्रैल में शादी होने वाली थी। पंकज शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था।

ईश्वर लाल के अनुसार, ओलावृष्टि के बाद शाम करीब 7 बजे पंकज ने उन्हें फोन किया था। उसने फसल बर्बाद होने के कारण बहन की शादी को लेकर चिंता जताई।

>> (शेष पेज 06 पर)

### लखनऊ एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला, विशेष न्यायाधीश तृतीय एसीजेएम आलोक वर्मा ने यह फैसला सुनाया

# राहुल के खिलाफ दायर ब्रिटिश नागरिकता की याचिका खारिज

सुनवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। ब्रिटिश नागरिकता मामले में आठ दिन तक चली सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश तृतीय एसीजेएम आलोक वर्मा ने यह फैसला सुनाया।

कोर्ट ने कहा- मामले में हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट से अब तक कोई आदेश पारित नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता की ओर से नागरिकता (सिटीजनशिप) के संबंध में कोई नया या ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि



नागरिकता से जुड़े मामलों में निर्णय देने का अधिकार इस न्यायालय को नहीं है। चूंकि पूर्व में दाखिल की गई सभी याचिकाओं में नागरिकता के संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है, इसलिए इस स्तर पर न्यायालय कोई फैसला नहीं देगा।

मामला भाजपा सदस्य एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता को लेकर गंभीर धाराओं में एफआ-ईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। अदालत के

## याचिकाकर्ता बोले- रिवीजन पिटिशन डालेंगे

याचिकाकर्ता S. विग्नेश शिशिर ने बताया- एमपी एमएलए कोर्ट ने हमारी याचिका को स्वीकार नहीं किया है। हम रिवीजन पिटिशन डालेंगे। न्यायाधीश हमारे मामले को पूरी तरह समझ नहीं पाए हैं। एक बार फिर से सभी तथ्यों के साथ न्यायालय के समक्ष पेश होंगे।

## 8 दिन चली सुनवाई

विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट में पिछले आठ दिनों से रोज मामले की सुनवाई की गई। याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने स्वयं अदालत में पक्ष रखते हुए 20 घंटे से अधिक समय तक दलीलें पेश कीं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के कई महत्वपूर्ण फैसलों, कानूनी उदाहरणों और साक्ष्यों पर विस्तार से बहस की गई।



याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने स्वयं अदालत में अपना पक्ष रखा था।

## एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी

याचिका में राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 1923, पासपोर्ट अधिनियम 1967 और विदेशी अधिनियम 1946 के तहत FIR दर्ज कराने का आदेश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि मामले में गंभीर कानूनी उल्लंघन किए गए हैं। राहुल गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं। उनकी भारतीय नागरिकता रद्द की जानी चाहिए। उनका कहना था कि ब्रिटेन सरकार से जुड़े कुछ ईमेल और दस्तावेज जुटाए हैं, जो राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता का प्रमाण हैं। इन दस्तावेजों को अदालत के समक्ष पेश किया गया।

समक्ष मामले से जुड़े कुल 45 परिशिष्ट (एनेक्सचर) एक सीलबंद लिफाफा और 310 पन्नों का वाद पत्र प्रस्तुत किया गया। इन सभी दस्तावेजों को अंतिम निर्णय के लिए रिकॉर्ड पर लिया गया है।

# यूजीसी के खिलाफ लगातार जारी है जोरदार प्रदर्शन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ में UGC के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन हुआ। छात्र पंचायत के बैनर तले छात्रों ने हजरतगंज गांधी प्रतिमा पर जमकर विरोध किया। छात्र पंचायत संगठन के अध्यक्ष शिवम पांडे के नेतृत्व में पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने UGC को स्वर्ण विरोधी बनाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह बराबरी नहीं, बंटवारे की नीति है। हाथों में तख्ती लेकर UGC रोल बैक के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा- बंटेंगे तो कटेंगे। एक हैं तो सेफ हैं। शिवम पांडे ने कहा कि यह काला कानून हमें किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं है। प्रधानमंत्री ने नारा दिया था कि एक हैं तो सेफ हैं, लेकिन यह कानून यूनिवर्सिटी कैंपस में छात्रों के अंदर जहर घोलने का काम करेगा। इसी के विरोध में हम सब सड़कों पर उतरे हैं। कानून बनाने वालों को भी इसकी कोई जानकारी नहीं है। हम पूछना चाहते हैं कि अगर कोई ओबीसी छात्र जनजातीय छात्र या दलित छात्रा के



एक हैं तो सेफ हैं के नारे लगे, छात्रों ने कहा- बंटेंगे तो कटेंगे

साथ भेदभाव करता है, तो उस पर क्या कार्रवाई होगी? अगर कोई बच्चा सामान्य परिवार में पैदा होता है तो सीएमओ उसे इंजेक्शन लगवा कर मरवाने का काम करते हैं। आज के समय में सामान्य वर्ग में पैदा होना अपराध हो गया है । प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पहले इसमें जुर्माने का प्रावधान था, मगर अब बदलाव कर दिया गया है। कोई छात्र गलत शिकायत करता है तो उस पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। प्रधानमंत्री को खुश करने के लिए चाटुकार मंत्रियों ने यह निर्णय लिया है।

फास्ट न्यूज

## लखनऊ में खाना, इलाज और आयोजन महंगा

लखनऊ । लखनऊ मेयर के सामने उनके ही दलित पार्षद रो दिए। सदन में डबडबाई आंखें लेकर पार्षद अमित चौधरी ने कहा- उन्हें न सदन में बोलने दिया जाता है और न ही वार्ड में काम करने दिया जाता है। मेयर का ओएसडी सारे काम कराता है। उससे सवाल करो तो देख लेने की धमकी देता है। मंगलवार को नगर निगम का सामान्य सदन हंगामेदार रहा।

## लखनऊ में दबंगों ने दुकानदार को पीटा

लखनऊ। लखनऊ के हजरतगंज थाना क्षेत्र के नरही इलाके में चाय की दुकान पर दबंगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने न सिर्फ दुकान में तोड़फोड़ की, बल्कि दुकानदार और उसके भाइयों के साथ मारपीट कर नकदी और सोने की चेन भी लूट ली। पीड़ित ने हजरतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

नरही वन विभाग निवासी अमित तिवारी के मुताबिक उनकी चाय की दुकान यूपीटैक चौराहा, राणाप्रताप मार्ग पर स्थित है। 24 जनवरी की रात करीब 9 बजे दुकान बंद करते समय उनके कर्मचारी जितेंद्र यादव से शुभम शर्मा ने चाय को लेकर कहासुनी हो गई।

## केजीएमयू के डॉक्टरों का यूजीसी बिल को लेकर जोरदार प्रदर्शन

लखनऊ । KGMU कैंपस के कुलपति कार्यालय में हंगामे के बाद FIR दर्ज न होने को लेकर गुस्सा डॉक्टरों को बुधवार को प्रदर्शन करने का नया मुद्दा मिल गया। कैंपस में बड़ी संख्या में सीनियर डॉक्टरों की मौजूदगी में कुलपति कार्यालय के पास UGC के नए नियमों को लेकर बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी हुई।

# 5 हजार की रिश्वत लेते चकबंदी विभाग का पेशकार गिरफ्तार

### लखनऊ में एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा





आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

बख्शी का तालाब । लखनऊ में एंटी करप्शन टीम ने चकबंदी विभाग के पेशकार को 5 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। पेशकार ने खेत की गाटा संख्या सही करने की एवज में किसान से रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम को की थी।

एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया और बख्शी का तालाब चकबंदी ऑफिस से आरोपी पेशकार राजीव कुमार प्रभाकर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी राजीव को बीकेटी थाने ले गई। वहां उसके खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। राजीव पर आरोप है कि उसने एक खेत की गाटा संख्या दुरुस्त कराने के एवज में पीड़ित योगेश मिश्रा से 5,000 की रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित ने इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो से शिकायत की थी।

### लखनऊ में सड़क सुरक्षा माह के तहत भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# हेलमेट लुक्स के लिए नहीं जीवन रक्षा के लिए है : किंजल सिंह

स्काउट-गाइड्स और छात्रों ने नुक्कड़ नाटक और प्रदर्शनी से दिया सुरक्षा का संदेश

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत आज वाहन परीक्षण एवं प्रमाणीकरण केंद्र, लखनऊ में सड़क सुरक्षा में स्काउट-गाइड की भूमिका विषय पर एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि परिवहन आयुक्त श्रीमती किंजल सिंह ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर



कार्यक्रम में परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्कूल के शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। परिवहन विभाग का यह संकल्प है कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का यह संदेश प्रदेश के हर घर तक पहुंचे।

कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परिवहन आयुक्त ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा को केवल एक सरकारी अभियान तक सीमित न रखकर इसे पारिवारिक क्रांति और जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा, सड़क सुरक्षा हर घर का मुद्दा है। माता-पिता को बच्चों की जिद के आगे झुकने के बजाय उनकी सुरक्षा के लिए सख्त होना चाहिए। यदि कोई बच्चा बिना हेलमेट या लाइसेंस के वाहन चलाने की जिद करता है, तो उसे रोकना अभिभावकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साल भर की बचत से खरीदा गया वाहन, एक छोटी सी लापरवाही से पूरे परिवार की खुशियां छीन सकता है। कार्यक्रम में अंत में परिवहन आयुक्त ने स्काउट-गाइड स्वयंसेवी संस्थाओं के लोगों को यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार हेतु तथा उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ दिलाई गई। सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रमुख स्कूलों को परिवहन आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्काउट-गाइड, एनसीसी कैडेट्स, संभव सेवा समिति और माउंट लिटेरा जी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया। इन नाटकों के माध्यम से शराब पीकर गाड़ी चलाने और हेलमेट न पहनने के घातक परिणामों को भावनात्मक रूप से दर्शाया गया। इसके पूर्व, परिवहन आयुक्त ने सड़क सुरक्षा पर आधारित पेंटिंग और स्लोगन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

## बच्चे सड़क सुरक्षा के लिए करें अभिभावक को प्रेरित

युवाओं को संदेश देते हुए श्रीमती सिंह ने कहा कि हेलमेट लुक्स या स्टाइल खराब होने के डर से नहीं, बल्कि जीवन बचाने के लिए पहना जाना चाहिए। उन्होंने कहा विदेशों में सड़क दुर्घटनाएं कम होने का मुख्य कारण वहां का कड़ा अनुशासन है। भारत में भी हमें उसी अनुशासन को घर-घर तक पहुँचाना होगा। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा अभिभावक किसी अधिकारी की बात टाल सकते हैं, लेकिन अपने बच्चों की बात नहीं। अगर बच्चे ठान लें, तो कोई भी बड़ा बिना हेलमेट घर से नहीं निकलेगा।

### इंदिरा नगर के समता पार्क में श्री मद भागवत कथा का छठा दिन

# रुकमणि कृष्ण के दर्शन को उमड़ पड़े भक्त जन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समता पार्क इंदिरा नगर ए ब्लाक में भव्य तृतीय संगीतमय श्री मद भागवत कथा का गुणगान हो रहा है। पिछली 22 तारीख से आज छठे दिन भी श्रोताओं की भारी भीड़ कथा सुनने को दीवानों की तरह समूह में जुट रही है।

आयोजक समता पार्क समित के महामंत्री रमेश कुमार अवस्थी ने आज बताया कि श्री मद भागवत कथा का गुणगान श्री धाम अयोध्या के कथा वाचक पं अक्षय शास्त्री जी महाराज के मुखारबिंद द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिन कथा शुभारंभ के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें आम स्थानीय भक्त भारी



गुरुवार को भव्य भंडारा व प्रसाद वितरण

संख्या में सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि लगातार हर वर्ष की भांति इस बार भी एकता समित के तत्वावधान में तृतीय श्री मद भागवत कथा का आयोजन जनता की बेहद मांग पर किया गया है।

कृष्ण जन्म, बाल्यकाल, रुकमणि विवाह और सुदामा चरित्र का

> क्रम वार महिलाएं रुकमणि जी के दर्शन को टूट पड़ी। सभी भक्त उनके दर्शन को जिज्ञासा भरी निगाहों से निहारते नजर आ रहे थे। कोई उनके चरण पूजने कोई भक्ति रस में डूबा हुआ झूमता नजर आ रहा था।

जीवंत चित्रण लोगों को बहुत हतप्रभ करनें जैसा वातावरण बना। आज रुकमणि विवाह में महिलाओं की भारी तादात रही भगवान के विवाह गीत पर अक्षय शास्त्री जी महाराज के द्वारा गाए गाए गीतों में भरा पूरा पंडाल झूम उठा मानो कोई भव्य उत्सव मचल उठा हो। भगवत कथा प्रस्थान के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। समित के पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि लोगों को प्रसाद वितरण सुचारु रूप से हो पाए इसके लिए समित के अन्य सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। समित के अन्य सदस्यों देव नाथ सिंह, अनिल सिंह, संतोष कुमार दुबे, ज्योत्सना दुबे व रमेश कुमार अवस्थी का मानना है कि किसी भी भक्त को सुविधानुसार भंडारे में प्रसाद वितरित किया जा सके और सभी को प्रसाद प्राप्त हो पाए इसके लिए बेहतर इंतजाम पहले ही किए जा चुके हैं।

## नशे में धुत ड्राइवर ने 5 गाड़ियों पर डंपर चढ़ाया

मोहनलालगंज । लखनऊ में एक डंपर सड़क किनारे खड़ीं 5 गाड़ियों पर चढ़ गया। 3 लोगों को भी अपनी चपेट में ले लिया। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने डंपर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला है। उसमें डंपर ड्राइवर की लापरवाही सामने आई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में ड्राइवर नशे में धुत पाया गया है। घटना मंगलवार देर रात SGPGI के गेट के सामने हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर बेकाबू था। वह सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों पर चढ़ता चला गया। घायलों की पहचान SGPGI में न्यूक्लियर मेडिसिन एसआर सूर्य प्रताप सिंह और मेडिकल स्टूडेंट अभिषेक व आयुष के रूप में हुई है। लोग मेडिकल स्टोर पर दवाइयां खरीद रहे थे। हादसे में एस-क्रॉस कार (HR 26 DC 4348) भी चपेट में आ गई। कार में प्रवीण कुमार मिश्र और गौरव यादव सवार थे। इसी दौरान कार के अंदर मरीज रितेश उपाध्याय अपनी पत्नी पूजा उपाध्याय के साथ बैठे हुए थे।

# नए साल की पहली बारिश दिन में छाया अंधेरा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में नए साल की पहली बारिश हुई। आज सुबह मौसम ने एकदम से करवट लिया। बिजली कड़की। तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। आसमान में काले बादल छाए रहे। इससे दिन में अंधेरा छा गया। रुक-रुककर घंटों बारिश हुई। बीती रात में रुक-रुककर हल्की बारिश हुई थी। इसके पहले इस साल सिर्फ बूंदाबांदी हुई थी। आज सुबह के समय शहर का तापमान करीब 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि नमी का स्तर लगभग 98 प्रतिशत तक पहुंच गया। 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने दिन में भी हल्की बारिश की संभावना जताई है।

बारिश के चलते हवा में ठंडक बढ़ गई है। सर्द हवाएं लोगों को कंपकंपी महसूस करा रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दिन में भी बादल छाए रहने और हल्की



तेज हवाओं के साथ बिजली कड़की रात में भी रुक-रुककर हुई थी बरसात

बारिश की संभावना बनी हुई है।बारिश के कारण सड़कों पर फिसलन बढ़ गई, जिससे सुबह दफ्तर और स्कूल जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में धीमी रफ्तार से वाहन चलते नजर आए। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में यह बदलाव आया है। अगले 24 घंटों में तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव के साथ ठंडी हवाएं चलने की संभावना है।

### शिकायत : लखनऊ में लोकभवन के पास शरीर पर केरोसीन छिड़का

# महिला ने की भांजे समेत आत्मदाह की कोशिश

आग लगाने से पहले पुलिस ने पकड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ स्थित लोकभवन के गेट नंबर 9 पर आज सुबह एक महिला ने भांजे समेत आत्मदाह करने की कोशिश की। उसने भांजे और अपने ऊपर केरोसीन छिड़क लिया। आग लगाने से पहले पुलिस ने उसे पकड़ लिया। भांजे सहित उसे हिरासत में लेकर हजरतगंज कोतवाली ले गई।

महिला की पहचान काकोरी के कटेरा गांव निवासी नीतू के रूप में हुई है। उसने बताया कि गांव के दबंगों ने भाई की जमीन पर कब्जा कर लिया है। स्थानीय पुलिस से इसकी शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस वजह से



आत्मदाह करने आई थी। नीतू ने बताया- नीरज ने खेत में बुलाकर भाई अजय की पिटाई की। मैंने इसका विरोध किया तो मुझे भी पीटा। जान से मारने की धमकी देने लगा। वह जमीन को बहुत कम दाम में खरीदना चाहता है। इसलिए नीरज हम लोगों के साथ ऐसा कर रहा है। नीतू ने बताया कि नीरज भाई के साथ मारपीट करता है। इसलिए भाई डर के कारण कमरा बंद करके अंदर ही रहता है। उसके डर के कारण वह कमरे से बाहर तक नहीं निकलता है। इसको लेकर कई जगह शिकायत की गई पर कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई।



विधानभवन के सामने लगा जाम। उसमें स्कूली वाहन भी फंसे।

## रास्ता मांगने के नाम पर जमीन पर कब्जा किया

नीतू कुमारी ने बताया कि भाई अजय कुमार काकोरी के कटेरा गांव में रहते हैं। कटेरा गांव में भाई की जमीन है। नीरज कुमार ने रास्ता मांगने के नाम पर 8 बिस्वा जमीन पर कब्जा कर लिया है। धमकी देता है कि अगर खेत पर आए तो जान से मार देंगे। हमारे साथ भांजा लालता प्रसाद भी रहता है। उसको भी बार-बार मारने की धमकी दी जा रही है। इसको लेकर थाने में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## सरोजनीनगर में 4 दुकानों में लगी आग

सरोजनी नगर, लखनऊ । लखनऊ के सरोजनी नगर में बीती रात एक चाय की दुकान में आग लग गई। यह आग तेजी से फैली और आसपास की कई दुकानें तथा एक वाहन इसकी चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में इंद्रासन टी स्टॉल, पंडित जी चाय की दुकान, एक पंक्चर की दुकान और एक ऑटो गैरेज आया। ऑटो गैरेज में खड़ी एक डीसीएम भी जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस और फायर ब्रिगेड मामले की जांच कर रही हैं। इंद्रासन टी स्टॉल के मालिक प्रद्युम्न शाह मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। उनकी दुकान सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर में मुंशी खेड़ा स्थित पानी टंकी के पास है।

कामता प्रसाद ने बताया कि मंगलवार रात करीब 3:45 बजे जब वे अपनी दुकान में सो रहे थे, तब उन्हें गर्माहट महसूस हुई।

# रिश्वत लेते रेलवे के दो अफसर रंगे हाथ पकड़े गए

### सीबीआई की लखनऊ में कार्रवाई, पेंशन जारी करने के लिए मांगे थे 3.5 लाख

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । रेलवे में पेंशन जारी करने के नाम पर रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने लखनऊ में उत्तर रेलवे मुख्यालय से जुड़े 2 अधिकारियों को 70 हजार रुपए की घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दोनों अधिकारियों पर पेंशन जारी करने के एवज में 3.50 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है।

शिकायत में यह भी सामने आया कि अकाउंटेंट आकाश त्यागी ने खुद को केवल माध्यम बताते हुए रिश्वत की रकम असिस्टेंट डिवीजनल फाइनेंस अफसर अक्षय श्रीवास्तव तक पहुंचाने की बात कही थी। पेंशन जारी करने में जानबूझकर देरी कर रिश्वत के लिए दबाव बनाया जा रहा था, जिससे परिवार मानसिक



रूप से परेशान था। शिकायत की प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद सीबीआई ने ट्रैप की योजना बनाई। मंगलवार को शिकायतकर्ता को 70 हजार रुपए के साथ आकाश त्यागी के पास भेजा गया। जैसे ही उसने घूस की रकम ली। मौके पर मौजूद सीबीआई टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ के बाद असिस्टेंट डिवीजनल फाइनेंस अफसर अक्षय श्रीवास्तव को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## पेंशन के नाम पर मांगी जा रही थी मोटी रिश्वत

सीबीआई के अनुसार, हजरतगंज स्थित उत्तर रेलवे मुख्यालय में तैनात असिस्टेंट डिवीजनल फाइनेंस अफसर अक्षय श्रीवास्तव और अकाउंटेंट आकाश त्यागी पर एक महिला की पेंशन जारी करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायतकर्ता अभिषेक सिंह ने बताया कि उनकी चाची रानी गौतम की पेंशन फाइल को आगे बढ़ाने के लिए 3.50 लाख रुपए की मांग की जा रही थी।

## बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर में जुटे जिलेभर के हाईस्कूल-इंटरमीडिएट परीक्षार्थी

# परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में जिलाधिकारी का संवाद

**सलाह**

- अधिक अंक प्राप्त करने के लिए बताए व्यावहारिक टिप्स
- खानपान और दिनचर्या पर भी दिया गया मार्गदर्शन
- परीक्षार्थियों के सवालों पर मिला सीधा जवाब

बृजेंद्र वीर सिंह







तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी कर रहे हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए बुधवार को बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर के मैदान में परीक्षा पर चर्चा एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन और एकाग्रता से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने परीक्षार्थियों से कहा कि परीक्षा के समय घबराहट से बचते हुए अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करें। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि परीक्षा के लिए अब समय सीमित है, ऐसे में एक-एक मिनट का सही उपयोग करें। जिन विषयों में कमजोरी है, उन पर अधिक ध्यान दें और जिन विषयों में तैयारी अच्छी है, उन पर कम समय दें। उन्होंने फिजिक्स विषय के फॉर्मूलों को एक जगह लिखकर बार-बार रिवीजन करने की सलाह दी। साथ ही कहा कि पिछले 10 वर्षों के प्रश्नपत्रों का अध्ययन करने से परीक्षा के स्तर और पैटर्न को समझने में मदद मिलती है। संवाद कार्यक्रम में खानपान को लेकर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के समय हल्का और संतुलित भोजन करें। अधिक भोजन करने से पढ़ाई के दौरान नींद आ सकती है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के बीच गुड़ का सेवन करने से ऊर्जा बनी रहती है। इसके साथ ही योग और प्राणायाम को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी गई। विशेष रूप से अनुलोम-विलोम प्राणायाम को लिखने और पढ़ने की क्षमता बढ़ाने में सहायक बताया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी, जीआईसी अकबरपुर के प्रधानाचार्य हरेंद्र प्रताप यादव, बीएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ शंकर कुमार चौधरी सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रियंका तिवारी ने किया।

### किसी भी विषय को नजरअंदाज न करने की अपील

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विषयों के अंक समान होते हैं, ऐसे में किसी भी विषय को नजरअंदाज करना मेरिट पर असर डाल सकता है। उन्होंने परीक्षार्थियों से शादी, पार्टी और जन्मदिन जैसे कार्यक्रमों से दूरी बनाकर केवल परीक्षा की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। 18 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर उन्होंने सतर्कता और अनुशासन बनाए रखने की बात कही।

**कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने परीक्षा से जुड़े और व्यक्तिगत सवाल भी पूछे। एक छात्र ने व्यवसाय और नौकरी को लेकर सवाल किया, जिस पर जिलाधिकारी ने दोनों क्षेत्रों की उपयोगिता को स्पष्ट किया। वहीं, कक्षा 12 में अंग्रेजी विषय छोड़ने को लेकर पूछे गए सवाल पर बताया गया कि हिंदी माध्यम से भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संभव है।**

### जिले के कई विद्यालयों के छात्र रहे शामिल

कार्यक्रम में अकबरपुर तहसील क्षेत्र के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इनमें बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर, डॉ अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज, मां ब्रह्मा देवी रमाशंकर इंटर कॉलेज, देव अमर वैदिक साइंस एकेडमी, डॉ गणेश कृष्णा जेटली इंटर कॉलेज, रामदेव जनता इंटर कॉलेज कटेहरी, संत कबीर इंटर कॉलेज सैदपुर, सती प्रसाद इंटर कॉलेज बनगांव डीहवा सहित अन्य विद्यालयों के परीक्षार्थी मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शिक्षक भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों के सवालों का समाधान किया।

### सोशल मीडिया से दूरी और लक्ष्य पर फोकस की सलाह

संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा के समय सोशल मीडिया से दूरी बनाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया का उपयोग केवल आवश्यक जानकारी के लिए किया जाए। यदि किसी गतिविधि से पढ़ाई में कोई लाभ नहीं हो रहा है तो उसका तुरंत प्रयोग बंद कर देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में अपने लक्ष्य को हमेशा याद रखने की बात कही और कहा कि लक्ष्य स्पष्ट होने से किसी भी क्षेत्र में तैयारी बेहतर होती है।

**फास्ट न्यूज़**

### मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में अनोखा दृश्य

अम्बेडकरनगर।मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर से जुड़ा एक अनोखा मामला इन दिनों चर्चा में है। यहां डॉक्टर कुर्सी पर बैठे बिना ही मरीजों का इलाज करते नजर आ रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ी एक फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें इलाज की प्रक्रिया को लेकर अलग ही तस्वीर सामने आई है। वायरल फोटो में देखा जा सकता है कि डॉक्टर की कुर्सी खाली है, लेकिन मरीज लगातार देखे जा रहे हैं।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम होरीलपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम

अंबेडकरनगर। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना बेवाना क्षेत्र के ग्राम होरीलपुर में बुधवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों के साथ प्राथमिक विद्यालय होरीलपुर की शिक्षिकाएं और छात्राएं शामिल रहीं।

कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्राधिकारी अक्षय कुमार के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों और शिक्षिकाओं ने छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

### संत पलटू साहब जयंती पर भव्य शोभायात्रा

जलालपुर, अम्बेडकर नगर। संत पलटू साहब की जयंती के अवसर पर बुधवार को जलालपुर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। ऐतिहासिक पलटू साहब मंदिर से निकली यह शोभायात्रा पूरे नगर का भ्रमण करती हुई पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में संत, श्रद्धालु और नगरवासी शामिल हुए, जिससे नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा।

## वायस ऑफ आयुर्वेद की बैठक में सीएमओ कार्यालय की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

### सीएमओ कार्यालय द्वारा जारी नोटिस को शासनादेश के विपरीत बताया गया

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। बुधवार को अंबेडकरनगर में वायस ऑफ आयुर्वेद संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष और आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार राय ने की। बैठक में जिले के आयुष चिकित्सकों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराईं।

बैठक में डॉ. शैलेश कुमार राय ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने 24 दिसंबर 2025 को शासन से क्लीनिक और चिकित्सालयों के पंजीकरण को लेकर दिशा-निर्देश मांगे थे। आरोप है कि शासन से स्पष्ट जवाब मिलने से पहले ही सीएमओ कार्यालय की ओर से पंजीकरण के लिए नोटिस जारी कर दी गई, जिसे संगठन ने अवैधानिक करार दिया। संगठन का आरोप है कि सीएमओ की ओर से जारी नोटिस में एक्ट-2010 और पूर्व शासनादेशों का उल्लेख जानबूझकर नहीं किया गया। डॉ. राय ने कहा कि वर्तमान में प्रभावी शासनादेश दिनांक 7 जनवरी 2022 के अनुसार आयुष चिकित्सकों का पंजीकरण क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी तथा जिला होम्योपैथिक अधिकारी के कार्यालयों में किया जाना है।

बैठक में यह भी कहा गया कि प्रमुख सचिव आयुष द्वारा जारी शासनादेश के तहत पंजीकृत आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सकों और उनके प्रतिष्ठानों की जांच का अधिकार सीएमओ कार्यालय को नहीं है। इसके बावजूद अवैध जांच और उत्पीड़न किए जाने के आरोप लगाए गए। संगठन ने इसे कथित धन उगाही से जोड़कर देखा।

### शासनादेश के विपरीत कार्रवाई का आरोप

डॉ. राय ने कहा कि महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुतियों के अनुसार 50 शैय्या से कम क्षमता वाले चिकित्सालयों और नैदानिक प्रतिष्ठानों का पंजीकरण पूर्व की व्यवस्था के तहत ही किया जाना है। इसके बावजूद सीएमओ कार्यालय द्वारा जारी नोटिस को शासनादेश के विपरीत बताया गया।

### कटरिया सम्मनपुर में खड़ंजा गायब

अकबरपुर। कटरिया सम्मनपुर गांव के कई ग्रामीणों ने जिला विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके गांव में पिछले 25 वर्षों से खड़ंजा (समुदायिक भंडार स्थल) लगा हुआ था, जिसे प्रधान द्वारा हटाकर गौशाला बनवा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि खड़ंजा हटाए जाने के बाद बार-बार पूछने पर प्रधान यह कह रहे हैं कि बजट आने पर खड़ंजा फिर से बनवाया जाएगा। शिकायती पत्र में अरुण कुमार पांडेय, पवन कुमार, अनिल कुमार, रामलौट पांडेय, जगदंबा पांडेय, शिवभूषण समेत अन्य ग्रामीणों ने उल्लेख किया कि खड़ंजा समुदाय के लिए महत्वपूर्ण था और यह ग्राम विकास तथा स्थानीय जरूरतों के लिए उपयोगी था। इसके हटाए जाने से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि खड़ंजा हटाए जाने से कृषि कार्यों और स्थानीय प्रशासनिक आवश्यकताओं में बाधा आई है। बार-बार निवेदन करने के बावजूद प्रधान द्वारा केवल आश्वासन दिया जा रहा है कि बजट आने पर खड़ंजा पुनः स्थापित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह: कार्यशाला और जागरूकता अभियान जारी

### टाण्डा रोड और बीएन केबी महाविद्यालय में यातायात नियमों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता





अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद अंबेडकरनगर के टाण्डा रोड स्थित ब्रेनसीड एकेडमी में 27 जनवरी को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन पर प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में संचालित वाहनों की सुरक्षा और छात्रों तथा वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यशाला में मोटर वाहन निरीक्षक रंजीत सिंह और यातायात उप निरीक्षक जय बहादुर यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी स्कूलों के प्रबंधन से अपेक्षा की गई कि वाहन नई गाइडलाइन के अनुसार तैयार हों और फिटनेस नवीनीकरण के बाद ही मार्ग पर संचालन किया जाए। स्कूल वाहनों के किराए का निर्धारण नियम अनुसार कर कार्यालय को एक प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया। विद्यार्थियों और चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 28वें दिन बुधवार को बीएन केबी महाविद्यालय, अंबेडकरनगर में प्राचार्या शुचिता पाण्डेय के निर्देशन में एनसीसी प्रभारी डा. विवेक तिवारी और रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी सुरेन्द्र सिंह के सहयोग से एनसीसी कैडेट्स और छात्रों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, हेलमेट उपयोग, मोबाइल फोन से वाहन न चलाने, ओवरलोडिंग और रेड लाइट का उल्लंघन न करने जैसे नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एआरटीओ सत्येन्द्र कुमार यादव, यात्री/मालकर अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, मोटर वाहन निरीक्षक रंजीत सिंह और यातायात उप निरीक्षक जय बहादुर यादव सहित विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे। डा. संतोष कुमार ने मंच का संचालन किया। कार्यशाला के माध्यम से आम नागरिकों से अपील की गई कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशे में वाहन न चलाएं, बच्चों और नेत्रहीनों को रास्ता दें, रात में डिपर का उपयोग करें और वाहन संचालन के दौरान संकेतों का पालन करें।

## झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से युवक की मौत

### पुलिस और पोस्टमार्टम प्रक्रिया पर उठे सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता



हजपुरा, अम्बेडकरनगर। जलालपुर थाना क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर की कथित लापरवाही से एक युवक की मौत का गंभीर मामला सामने आया है। गलत दवा और इंजेक्शन लगाए जाने के बाद युवक की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और लंबे इलाज के दौरान 7 जनवरी 2026 को उसकी मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने डॉक्टर पर धमकी देने, पुलिस पर लापरवाही और पोस्टमार्टम प्रक्रिया पर संदेह जताया है।

ग्राम गोलपुर निवासी किरण ने बताया कि उसके भाई भारत को 1 मई 2025 को पेट में तेज दर्द की शिकायत हुई थी। परिजन उसे पास के एक निजी क्लीनिक में ले गए, जहां झोलाछाप डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार, निवासी पीपरपुर, ने इलाज किया। आरोप है कि डॉक्टर ने कई इंजेक्शन लगाए, जिसके कुछ ही देर बाद भारत के सीने से कमर तक जलन और झनझनाहट शुरू हो गई। इसके बाद दोनों पैर सुन्न हो गए और चलने-फिरने में दिक्कत आने लगी। परिजनों का कहना है कि जब डॉक्टर से हालत बिगड़ने की शिकायत की गई तो घबराने की जरूरत न बताकर मामले को दबाने की कोशिश की गई। हालत गंभीर होने पर भारत को अकबरपुर स्थित वर्तिका न्यूरो क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां लगभग एक माह तक इलाज चला, लेकिन स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने प्रस्तुत किया जनपद स्तरीय डिजिटल डाटाबेस

# रिमोट सेंसिंग और जीआईएस पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**आयोजन**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद अंबेडकरनगर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य रिमोट सेंसिंग, जीआईएस और जीपीएस तकनीक के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना रहा। वैज्ञानिकों ने बताया कि रिमोट सेंसिंग, जीआईएस और जीपीएस तकनीक का उपयोग कृषि, राजस्व, भू-संचय, जल-संचय, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई, जल निगम, नलकूप, सड़क, वन और सामाजिक वानिकी जैसे विभागों में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। इन तकनीकों से योजनाओं की निगरानी, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और निर्णय प्रक्रिया को सुदृढ़ किया जा सकता है। कार्यशाला में प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों के डाटाबेस के एकीकरण और उपयोग पर चर्चा की गई। बताया गया कि इस पोर्टल से योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय और गति लाई जा सकती है।

कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अधिकारी, उप निदेशक कृषि, कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, सामाजिक वानिकी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त मनरेगा, जल निगम, लघु सिंचाई विभाग तथा सभी खंड विकास अधिकारियों ने सहभागिता की।

**कार्यशाला के दौरान भुवन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध भू-स्थानिक जानकारियों के बारे में भी जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने बताया कि इस पोर्टल के जरिए विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित डेटा आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही लिडार तकनीक पर भी प्रकाश डाला गया, जिसे भूमि सर्वेक्षण और संरचनात्मक विश्लेषण में उपयोगी बताया गया।**

### डिजिटल डाटाबेस का किया गया प्रस्तुतीकरण

कार्यशाला में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर के वरिष्ठ वैज्ञानिक पी. कुंवर और अमित सिन्हा तथा परियोजना वैज्ञानिक जय कुमार मिश्रा और अजय प्रताप सिंह ने विभिन्न परियोजनाओं पर आधारित प्रस्तुतीकरण दिया। वैज्ञानिकों द्वारा रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक के उपयोग से जनपदवार तैयार किए गए डिजिटल डाटाबेस की जानकारी दी गई। इसके माध्यम से विभिन्न विभागों के लिए तैयार किए गए आंकड़ों और नक्शों की उपयोगिता को विस्तार से बताया गया।

# ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

### सुरक्षा व्यवस्थाएं पाई गईं संतोषजनक

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योत्स्ना बंधु भी मौजूद रहीं।

निरीक्षण के दौरान ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का गहन परीक्षण किया गया। इसमें सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, प्रवेश द्वारों पर लगाए गए ताले और सील की स्थिति, परिसर की निगरानी व्यवस्था और रिकॉर्ड संधारण से जुड़े बिंदुओं की जांच की गई। अधिकारियों ने वेयरहाउस के अंदर और बाहर सुरक्षा इंतजामों का भौतिक निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा और रख-रखाव में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही नियमित निरीक्षण और निगरानी बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम वेयरहाउस से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

**योगदान : 'भारतीय संविधान के निर्माण में महिलाओं का योगदान' विषय पर कार्यक्रम**

# वेस्ट्रिज हिल्टन स्कूल में संविधान निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध वेस्ट्रिज हिल्टन स्कूल, मकोइया बसखारी में बुधवार को 'भारतीय संविधान के निर्माण में महिलाओं का योगदान' विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया और उसमें महिलाओं की भूमिका से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद मोहसिन खान ने की, जबकि संचालन अतुल त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण में महिलाओं का योगदान अविस्मरणीय है। संविधान सभा में शामिल महिला सदस्यों ने नारी सशक्तिकरण, समान अधिकार, शिक्षा और सामाजिक सुधार जैसे विषयों को मजबूती से उठाया, जिससे संविधान को व्यापक और समावेशी स्वरूप मिला। इस अवसर पर मो. अशरफ, अश्वनी विश्वकर्मा, मो. जिलानी, श्वेत दूबे, रघुवंश त्रिपाठी, अमित कनौजिया, पूनम मिश्रा, अन्नू मिश्रा, गरिमा शुक्ला, अरीबा जैनब, मुजलफा खातून, नाजरीन सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### समावेशी समाज की नींव रखने में महिलाओं की भूमिका

प्रधानाचार्य मोहसिन खान ने कहा कि महिलाओं ने संविधान निर्माण के दौरान केवल महिलाओं के अधिकारों तक ही अपनी बात सीमित नहीं रखी, बल्कि समानता, न्याय और सामाजिक समरसता पर आधारित समाज की नींव रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। अतुल त्रिपाठी ने कहा कि संविधान सभा की बहसों में महिला सदस्यों ने लैंगिक समानता, सामाजिक न्याय और मौलिक अधिकारों पर विशेष जोर दिया।

**कार्यक्रम में नूरजहां खान ने सरोजिनी नायडू, सुचेता कृपलानी, हंसा मेहता, राजकुमारी अमृत कौर, बेगम अजीज रसूल और दक्षायणी वेलायुधन जैसी प्रमुख महिला संविधान निर्माताओं के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।**

## एएसपी पूर्वी ने की जनसुनवाई फरियादियों की समस्याएं सुनीं

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। पुलिस कार्यालय में बुधवार को एएसपी पूर्वी श्यामदेव द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। एएसपी पूर्वी ने एक-एक फरियादी की बात को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी और पुलिस से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। एएसपी पूर्वी ने प्रत्येक प्रकरण को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद संबंधित थाना प्रभारियों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

एएसपी पूर्वी ने आवेदकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनसुनवाई के बाद फरियादी संतुष्ट नजर आए और न्याय की उम्मीद के साथ कार्यालय से लौटे। जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन और पुलिस के बीच संवाद को मजबूत करना रहा। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से जनता की समस्याओं को सीधे सुनने और त्वरित समाधान में मदद मिलती है। पुलिस प्रशासन द्वारा आगे भी नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित कर आम नागरिकों की शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

# सम्पादकीय

## आर्थिक सहयोग का नया युग



अंततः भारत और यूरोपीय संघ के बीच सभी समझौतों की जननी कहा जाने वाला मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हो गया। इस समझौते का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि यह दुनिया की एक चौथाई आबादी वाले भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के बीच हुआ है। इसका महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसने अपना आर्थिक दबदबा कायम करने की कोशिश करने वाले अमेरिका और चीन को यह संदेश दिया है कि उनका विकल्प उपलब्ध है। इस संदेश की पुष्टि अमेरिकी नेताओं के उन बयानों से होती है, जिनसे यह ध्वनित हो रहा है कि उन्हें यह समझौता रास नहीं आया। आश्चर्य नहीं कि अमेरिका इसमें अड़ंगा लगाने की कोशिश करे। वास्तव में टैरिफ के मामले में अमेरिका के मनमाने रवैये ने ही इस समझौते की राह आसान की। इस समझौते का एक महत्व इसलिए भी है, क्योंकि यूरोपीय संघ और भारत दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 25 प्रतिशत के बराबर हैं और जो वैश्विक व्यापार का एक तिहाई हिस्सा हैं। स्पष्ट है कि विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सहयोग दोनों पक्षों को व्यापार और निवेश के अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगा।

यह अवसर आर्थिक समृद्धि को बल प्रदान करने के साथ रोजगार की समस्या भी दूर करेगा। इस समझौते से जहां यूरोपीय कारों, वाइन, मशीनरी, रसायन, स्टील आदि पर भारतीय आयात शुल्क में भारी कटौती होगी, वहीं भारतीय वस्त्र, रत्न, औषधि आदि के लिए यूरोपीय बाजार में पहुंच आसान होगी। यह भी उल्लेखनीय है कि इस समझौते से दोनों पक्षों के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ेगा। इसके अलावा भारतीय छात्रों, शोधकर्ताओं और कुशल पेशेवरों को यूरोप में नए अवसर मिलेंगे। चूंकि भारत और यूरोपीय संघ के बीच का एफटीए दोनों के लिए लाभकारी है, इसीलिए उत्साह का माहौल है, लेकिन यह ध्यान रहे कि इस समझौते का यूरोपीय संसद और परिषद से अनुमोदन चाहिए होगा। इसमें जो समय लगेगा, उसका सदुपयोग इस एफटीए का अधिकतम लाभ उठाने की तैयारी में खपाना चाहिए। यह तैयारी भारतीय उद्यमियों को विशेष रूप से करनी होगी। उन्हें अपने को साबित करने का जो अवसर मिलने जा रहा है, उसे भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए।

उन्हें गुणवत्ता और उत्पादकता का स्तर उन्नत करते हुए ऐसे मूल्यवान विश्वस्तरीय उत्पाद तैयार करने होंगे, जिनकी विशिष्ट पहचान बने और इसके चलते उनकी मांग बढ़े। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भारतीय उत्पाद अपनी उच्च गुणवत्ता के लिए कम ही जाने जाते हैं। भारतीय उद्यमियों को अपने उत्पादों का निर्माण विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप करने के लिए भी तैयार रहना होगा, क्योंकि इससे ही आपसी व्यापार का पलड़ा भारत के पक्ष में बना रह सकता है।

# जातिगत भेदभाव पर लगेगी लगाम या समाज में बढ़ जाएगी कड़वाहट?

## यूजीसी के नए नियमों पर क्यों मचा बवाल

"यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव खत्म करने के लिए नए नियम जारी किए हैं. ये नियम देश के सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और डीम्ड यूनिवर्सिटी पर लागू होंगे




देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए यूजीसी ने नए नियम जारी किए हैं जिसे सभी कॉलेजों और यूनिवर्सिटियों को मानना होगा लेकिन आयोग के इस नए रेग्युलेशन पर कोहराम मच गया है. आखिर इन नियमों में ऐसा क्या है, जिससे लोग उबल गए हैं.

आयोग के मुताबिक, इन नियमों का सबसे बड़ा उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों या कर्मचारियों को जाति, वर्ग या समुदाय के आधार पर होने वाले भेदभाव से बचाना है. अपने रेग्युलेशन में यूजीसी ने साफ कहा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में सभी को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए. वहां पर किसी को भी नीचा दिखाने या अलग व्यवहार करने की इजाजत नहीं दी जा सकती. यूजीसी के नए नियमों के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति के साथ उसकी जाति या जनजाति के कारण गलत व्यवहार किया जाता है तो उसे जातिगत भेदभाव माना जाएगा. फिर वह भेदभाव चाहे खुले तौर पर हो या छुपे तौर पर, दोनों ही स्थितियों में उसे गलत माना जाएगा.

यूजीसी ने अपने रेग्युलेशन में साफ किया है कि ये नियम देश के सभी हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूटों में लागू होंगे. फिर चाहे वह कॉलेज हो, डीम्ड यूनिवर्सिटी, या यूनिवर्सिटी. इसके दायरे में टीचर, नॉन-टीचिग स्टाफ, स्टूडेंट्स और प्रशासन से जुड़े सभी लोग शामिल किए गए हैं.

हर संस्थान में बनेगा 'इक्वल ऑपर्च्युनिटी सेंटर' (ईओसी)

अपने सर्कुलर ने यूजीसी स्पष्ट किया है कि अब सभी कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में समान अवसर केंद्र यानी ईओसी बनाना होगा. यह केंद्र यह केंद्र वंचित वर्ग के छात्रों और कर्मचारियों की मदद करेगा. अगर किसी के साथ भेदभाव होता है तो यह उनसे जुड़ी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा देगा. साथ ही पढ़ाई, सामाजिक और आर्थिक मदद देगा. अगर कोई कॉलेज खुद ऐसा केंद्र नहीं बना सकता तो ऐसी स्थिति में उससे जुड़ी यूनिवर्सिटी यह जिम्मेदारी निभाएगी.

शिकायतों के लिए बनेगी इक्विटी कमेटी

यूजीसी के नए नियमों में कहा गया है कि हर संस्थान को अनिवार्य रूप से एक इक्विटी कमेटी यानी समानता समिति बनानी होगी. इस कमेटी में अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, दिव्यांग और महिलाओं का प्रतिनिधित्व रखना होगा. यह कमेटी मिलने वाली शिकायतों की जांच करके अपनी रिपोर्ट संस्थान प्रमुख को सौंपेगी. जिसके बाद उस पर फैसला लेना अनिवार्य होगा. इसके साथ ही यूजीसी ने यह भी आदेश दिया है कि सभी संस्थानों को अनिवार्य रूप से 24 घंटे चलने वाला हेल्पलाइन नंबर भी जारी करना होगा जिससे भेदभाव का कोई मामला आने पर वहां शिकायत की जा सके. जो शख्स इस हेल्पलाइन पर कंप्लेंट करेगा. उसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी.

भेदभाव हुआ तो कहां करेंगे शिकायत?

आयोग ने अपने नए नियमों में भेदभाव की शिकायत करने का तरीका भी बताया है. यूजीसी के अनुसार, जातिगत भेदभाव की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति हेल्पलाइन, ईमेल या ऑनलाइन पर अपनी शिकायत कर सकता है. वह अपनी कंप्लेंट लिखित में भी दे सकता है. अगर मामला आपराधिक हो तो उसे पुलिस के पास रैफर कर दिया जोगा.

यूजीसी ने कहा है कि अगर शिकायतकर्ता इक्विटी कमेटी की रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं होता है तो वह एक महीने के अंदर कॉलेज में बनाए गए ऑम्बड्समैन के पास अपील कर सकता है. वहां तय समय में फैसला किया जाएगा. देशभर में इस सारी प्रक्रिया की यूजीसी खुद निगरानी करेगा. बीच-बीच में कॉलेज-यूनिवर्सिटीज का रैंडम इंस्पेक्शन किया जाएगा. साथ ही उनसे रिपोर्ट मांगी जाया करेगी.

संस्थानों को क्या-क्या करना होगा?

कॉलेज और यूनिवर्सिटी में इन नियमों का पालन करवाने की जिम्मेदारी संस्थान प्रमुख की होगी. प्रिंसिपल और वाइस चांसलर को सुनिश्चित करना होगा कि उनके यहां किसी भी तरह का भेदभाव न हो. उनके संस्थान में समानता को बढ़ावा मिले और वे यह देखें कि सभी को बराबरी का अवसर मिलें.

यूजीसी ने नए नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है. आयोग ने कहा है कि अगर कोई संस्थान इन नियमों का पालन नहीं करता है तो यूजीसी सख्त कार्रवाई कर सकता है. इसमें उसे यूजीसी की योजनाओं से बाहर करने, कोर्स बंद करने, ऑनलाइन और डिस्टेंस एजुकेशन पर रोक और मान्यता रद्द करने के एक्शन लिए जा सकते हैं.

बेहतरीन कदम लेकिन विवाद भी शुरू

शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए यूजीसी के इस कदम को बेहतरीन बताया जा रहा है लेकिन इसके साथ ही सोशल मीडिया पर इसका विरोध भी हो रहा है. कहा जा रहा है कि इस रेग्युलेशन से समानता का दावा तो हो रहा है लेकिन असल में इसके जरिए कुछ खास वर्गों को फ़ेवर करने की कोशिश है. सवाल उठाए जा रहे हैं कि अगर किसी कॉलेज-यूनिवर्सिटी में अपर कास्ट के छात्रों या स्टाफ के साथ जातिगत आधार पर उत्पीड़न हो और उसे करने वाला एससी-एसटी या ओबीसी समुदाय से जुड़ा हो तो वह पीड़ित अपनी शिकायत कहां करेगा. इसके बारे में कोई प्रावधान ही नहीं किया गया. वहीं अगर कोई एससी-एसटी या ओबीसी समुदाय से जुड़ा व्यक्ति झूठ-मूठ में भी किसी पर आरोप लगा दे तो उस पर इकतरफा कार्रवाई हो सकेगी. लोग इस एक्ट में संशोधन की मांग उठा रहे हैं और जातिगत भेदभाव से पीड़ित सभी समुदायों के लिए खोलने की मांग कर रहे हैं. जिससे उत्पीड़न की स्थिति में कोई भी व्यक्ति बिना किसी डर के अपनी आवाज उठा सके. यूजीसी के नए नियमों को लेकर पूरे देश में इस समय विरोध जारी है. यूजीसी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भी पत्र भेजा गया है. पत्र में ये आरोप लगाए गए हैं कि जातिगत भेदभाव करने के लिए ये बिल लाया जा रहा है. वहीं, कई संगठनों का कहना है कि ये नियम सवर्णों के खिलाफ है. यह भी कहा जा रहा है कि सरकार इसे लेकर बीच का रास्ता निकालने की तैयारी कर रही है. कई सामाजिक संगठनों ने नए नियमों को संविधान विरोधी, सामाजिक न्याय विरोधी और सवर्ण वर्ग पर सीधा हमला करार दिया है. राष्ट्रपति को भेजे गए एक ज्ञापन में कहा गया है कि ये विनियम समानता की आड़ में सवर्ण वर्गों के छात्रों के शैक्षणिक अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास है.

**राजेश श्रीवास्तव**

## बढ़ते शहरों के बीच सिमट रहा बचपन

बढ़ते शहर चाहे विकास का प्रतीक बनकर उभरे हों लेकिन इसका एक स्याह पहलू भी सामने आया है जो सीधे बच्चों से जुड़ा है। तेजी से शहरीकरण के कारण शहरों में बच्चों के पास खेलने और सांस लेने की सुरक्षित जगह लगातार या तो कम होती जा रही है या बची ही नहीं है। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ की ताजा रिपोर्ट में इसे उजागर करते हुए कहा है कि दुनिया की करीब 44 फीसदी शहरी आबादी ही खुले सार्वजनिक स्थान के पास रह रही है। गरीब देशों में तो यह आंकड़ा महज 30 फीसदी ही है जहां लाखों बच्चों के पास खेलने और सांस लेने की सुरक्षित जगह नहीं है। ऊंची इमारतों के बीच बच्चों की दुनिया लगातार छोटी होती जा रही है। कंक्रीट के जंगल में खेलनेए दौड़ने और खुलकर सांस लेने की जगहें खत्म हो रही हैं। डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ और संयुक्त राष्ट्र पर्यावास एजेंसी ने एक नई वैश्विक गाइड लाइन जारी की है जो शहरों को बच्चों के अनुकूल बनाने की जरूरत पर जोर देती है। सरकारों और नेताओं से अपील की गई है कि वे शहरी विकास से जुड़ी योजनाएं बनाते समय बच्चों को केंद्र में रखें क्योंकि सार्वजनिक स्थान बच्चों के स्वास्थ्यए विकास और बेहतर भविष्य के लिए बेहद जरूरी हैं।


अच्छी तरह डिजाइन किए गए पार्क, सड़कें और खुले मैदान बच्चों को सुरक्षित तरीके से चलने, खेलने, सीखने और प्रकृति से जुड़ने का मौका देते हैं। साथ ही ये जगहें शहरों को ज्यादा समावेशी, सुरक्षित और जलवायु.अनुकूल भी बनाती हैं।आज दुनिया की 55 फीसदी से ज्यादा आबादी शहरों में रह रही है और 2050 तक यह आंकड़ा 68 फीसदी तक पहुंच सकता है। इस दौरान सबसे तेज शहरीकरण विकासशील देशों में होगा।

**पुनीत उपाध्याय**

## हाल के अध्ययनों से पता ...

डॉ अनामिका अग्रवाल एसोसिएट प्रोफेसर
पर्यावरण विज्ञान विभाग बरेली कॉलेज बरेली

# माइक्रोप्लास्टिक : प्लास्टिक का छोटा कण, बड़ा खतरा





आज प्लास्टिक हर जगह है। लेकिन इसके बहुत छोटे टुकड़े, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहते हैं, हमारी सेहत के लिए चिंता का विषय बन गए हैं। ये 5 मिलीमीटर से छोटे प्लास्टिक कण हैं। ये बड़े प्लास्टिक को तोड़कर या साबुन, कपड़ों से निकलकर हवा, पानी और खाने में घुस जाते हैं। वैज्ञानिक कहते हैं कि ये हमारे शरीर के अंदर भी पहुंच चुके हैं।

माइक्रोप्लास्टिक दो तरह के होते हैं। पहला, सीधे छोटे बनाए जाते हैं, जैसे सौंदर्य प्रसाधनों में चमकदार बिंदु। दूसरा, बड़े प्लास्टिक के टूटने से बनते हैं। ये आंखों से नहीं दिखते, लेकिन नदियों, हवा और बोतल के पानी में मिलते हैं। भारत में ये बहुत तेजी से फैल रहे हैं।

हाल के अध्ययनों से पता चला है कि ये सांस, खाना और पानी से शरीर में प्रवेश करते हैं। 2020 में डच वैज्ञानिकों ने गर्भ में बच्चे के प्लेसेंटा में ये कण पाए। WWF की 2023 रिपोर्ट कहती है कि ये बच्चे पैदा करने की शक्ति कम कर सकते हैं। एक लीटर बोतल पानी में 100 से ज्यादा कण हो सकते हैं। भारत के शहरों में बोतल पानी में भी ये पाए गए हैं। हवा से सांस लेते समय ये फेफड़ों तक जाते हैं। बड़े कण नाक में अटकते हैं, छोटे फेफड़ों के गहरे भाग में। सबसे छोटे कण खून में घुलकर पूरे शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे कैंसर, सूजन और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता हो सकती है।

### बचाव के आसान तरीके विशेषज्ञ सलाह देते हैं

- रसोई में कांच या स्टील के बर्तन इस्तेमाल करें।
- लकड़ी के चम्मच, कंघी और प्राकृतिक झाड़ू अपनाएं।
- शॉपिंग के लिए कपड़े का थैला लें।
- गर्म चाय या खाना प्लास्टिक में न लें।
- माइक्रोवेव में कांच या मिट्टी के बर्तन रखें।
- प्लास्टिक बोतल, डब्बे कम करें। गैस के पास न रखें।
- एक बार के प्लास्टिक से दूर रहें।

**भारत में स्थिति**


भारत में प्लास्टिक कचरा बहुत ज्यादा है। मुंबई, दिल्ली जैसे शहरों के पानी और हवा में माइक्रोप्लास्टिक भरे पड़े हैं। FSSAI ने खाने में इनकी जांच के लिए प्रोजेक्ट शुरू किया है। सरकार ने 2022 से एक बार इस्तेमाल वाले 8प्लास्टिक पर बैन लगाया। 2025 से रिसाइकल्ड प्लास्टिक अनिवार्य है।

माइक्रोप्लास्टिक पर्यावरण और सेहत दोनों के लिए खतरा है। प्लास्टिक कम करें, सुरक्षित विकल्प चुनें। आज से बदलाव शुरू करें! हम सभी को मिलकर इस अदृश्य जहर से लड़ना होगा। व्यक्तिगत स्तर पर प्लास्टिक का उपयोग घटाएं, सरकार की पहलों का समर्थन करें और जागरूकता फैलाएं। आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, पानी और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का यही समय है।

## विश्व में ...

वीरेन्द्र सिंह परिहार

# संगठन गढ़े चलो, सुपथ पर बढ़े चलो



20 जनवरी को नव निर्वाचित भाजपाध्यक्ष नितिन नवीन के भाजपा मुख्यालय नई दिल्ली में पदभार ग्रहण करते समय जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कहा कि- मैं एक कार्यकर्ता और नितिन नवीन मेरे बास। इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि आज से नितिन नवीन मेरा सी.आर. लिखेंगे- तो उसका विशेष मायने हैं। इसका मायने यह कि संगठन किसे कहते हैं ? इसका एक बड़ा मतलब यह कि संगठन सत्ता की तुलना में सर्वोपरि है क्योंकि प्रधानमंत्री जैसे शीर्ष पद पर बैठने वाला भी पार्टी का एक कार्यकर्ता होता है। प्रधानमंत्री मोदी जब यह कह रहे थे तो वह पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं को यह संदेश भी दे रहे थे कि भाजपा में व्यक्तिवाद एवं परिवारवाद के लिये कोई जगह नहीं है और उन्हें पूरी तरह पार्टी-लाइन एवं विचारधारा के अनुरूप कार्य करना पड़ेगा।

इसका आशय स्पष्ट था कि पार्टी की विशिष्ट विचारधारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है। पार्टी के आदर्श उसी महात्मा बुद्ध के कथन की तरह है जिसमें ''धम्मं शरणं गच्छामि, संघ शरणं गच्छामि और बुद्धं शरणं गच्छामि'' की बात कही गई है यानी सबसे पहले धर्म, फिर संघ और उसके बाद बुद्ध का स्थान है। यह संगठन का ही महत्व है कि भाजपा में आज एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री है। नितिन नवीन जैसे व्यक्ति जो देश के लिये एक अनजाना चेहरा थे पर अपनी क्षमताओं के चलते राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। यह भाजपा की विचारधारा और आदर्श ही है कि आज भाजपा देश में एक अजेय पार्टी बन चुकी है, और वह दिनों-दिन नये-नये प्रतिमान गढ़ती जा रही है। वह मुद्दे न तो टिकते हैं और न मोदी और भाजपा पर चिपकते हैं क्योंकि भारतीय मतदाता यह समझ चुका है कि यदि देश आज विश्व में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है तो निश्चित रूप से इसके पीछे भाजपा की राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण ही सबसे बड़ा कारण है। अब दिग्विजय जैसे राजनीतिक कांग्रेस पार्टी के संदर्भ में कहते हैं कि संगठन की कमजोरी के चलते वह चुनावों में पिट रही है और संगठन मजबूत होना चाहिए- तो वह आधा सच बोलते हैं क्योंकि यदि किसी पार्टी को अपना संगठन मजबूत करना है, संगठन को प्राथमिकता देनी है तो उसकी सबसे बड़ी शर्त यह है कि नेतृत्व कार्यकर्ताओं के बीच से उभरना चाहिए लेकिन दिग्विजय जैसे राजनीतिज्ञ एक तरफ तो एक खानदान-विशेष की विरुदावली गाते हैं तो दूसरी तरफ संगठन की मजबूती की बातें करते हैं। भला इस तरह से किसी भी पार्टी का संगठन कैसे मजबूत हो सकता है जो एक परिवार की प्रापर्टी जैसा है। कमोबेश देश में भाजपा को छोड़कर सभी राजनीतिक दलों की यही स्थिति है।

## जरा हटके

## आखिरकार ईडी ने ...

रामस्वरूप रावतसरे

# ममता बनर्जी का ईडी और सीबीआई से टकराना कहीं भारी तो नहीं पड़ेगा?



पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी करीब 35 साल पुराने वामपंथी किले को ध्वस्त करने में 2011 में सफल हो गईं थी. उसके बाद से उनका रथ कभी नहीं रुका। भाजपा की लाख कोशिशों के बावजूद ममता ने तीसरी बार 2021 में बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार बना ली। इस साल 2026 में होने वाले बंगाल विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 6 महीने के अंदर कई दौरे हो चुके हैं। चुनाव ज्यों-ज्यों करीब आता जाएगा, उनके दौरों का सिलसिला भी तेज होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते जेपी नड्डा ने बंगाल का हाल ही में दौरा किया था। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नवीन ने भी इस साल होने वाले सभी 5 राज्यों के चुनावों में भाजपा का परचम लहराने का संकल्प लिया है। नतीजे क्या होंगे, यह तो जनता तय करेगी लेकिन ममता बनर्जी केंद्रीय एजेंसियों से पंगा लेकर मुश्किल में पड़ती नजर आ रही हैं। अगर सुप्रीम कोर्ट प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों पर उनके प्रतिकूल कोई फैसला देता है तो ममता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीबीआई और ईडी से मुख्मंत्रियों के टकराव का हश्र जनता देख चुकी हैं। बिहार का सीएम रहते लालू प्रसाद यादव पर जब पशुपालन घोटाले के आरोप लगे और सीबीआई ने जांच शुरू की तो राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के समर्थकों ने खूब हुड़दंग मचाया। हालत यह थी कि लालू यादव को गिरफ्तार करने के लिए बात सेना बुलाने तक पहुंच गई थी। आरजेडी का कोई पैंतरा काम नहीं आया और अंततः 30 जुलाई 1997 को लालू यादव को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में मुकदमा चला और उन्हें सजा भी हुई। सीबीआई से उलझने के बावजूद लालू बच नहीं पाए। आजादी के बाद सेंट्रल एजेंसी द्वारा मुख्यमंत्री पद पर रहे किसी व्यक्ति के गिरफ्तार होने की यह पहली घटना थी। उन्होंने समझदारी नहीं दिखाई होती तो सीएम रहते ही वे गिरफ्तार हो जाते। जब उन्हें गिरफ्तारी की आशंका प्रबल होती दिखी तो अरेस्ट होने से 2 दिन पहले ही 28 जुलाई 1997 को ही उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया और अपनी पत्नी राबड़ी देवी को सीएम बना दिया।

ऐसे ही दिल्ली का सीएम रहते अरविंद केजरीवाल ने भी केंद्रीय एजेंसी ईडी से पंगा लिया। दिल्ली शराब नीति में घपले के आरोप में ईडी की ओर से पछताछ के लिए उन्हें लगातार 9 नोटिस भेजे गए। उन्होंने उसका न कोई जवाब दिया और न पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष हाजिर ही हुए। आखिरकार ईडी ने उनके आवास पर छापा मारा और 21 मार्च 2024 को मनी लांड्रिंग मामले में पहली बार उन्हें गिरफ्तार किया। मुख्यमंत्री पद पर रहते केजरीवाल की यह पहली गिरफ्तारी थी। हालांकि इस मामले में उन्हें जमानत जल्द ही मिल गई लेकिन उन्हें जेल से बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। दूसरी बार उन्हें 26 जून 2024 को सीबीआई ने तिहाड़ जेल से ही गिरफ्तार कर लिया। अगर वे लालू यादव की तरह समझदारी दिखाते तो सीएम के रूप में उनके गिरफ्तार होने का रिकार्ड नहीं बनता। वे भी अपनी पत्नी को सीएम की कुर्सी पर बिठा सकते थे। केजरीवाल ने दूसरा रिकार्ड यह बनाया कि वे करीब 6 महीने तक जेल से ही सरकार चलाते रहे।

# भाषा का उपयोग

भाषा का उपयोग और अभिव्यक्ति का साधन भाषा है और शब्दों का चयन भाषा को सुसंस्कारित बनाती है। हमारे जीवन में शरीर और आत्मा ये दो तत्त्व हैं । इन दोनों के सिवाय कुछ भी नहीं हैं । हालांकि भाषा और मन आदि भी होते हैं । मूलतः आत्मा और पुद्गल का बहुत योग हैं । हम यदि इसके विस्तार में जाएँ तो धर्मास्तिकाय आदि छह द्रव्य भी हमारे जीवन में हैं । जहाँ छह द्रव्य हैं वहाँ लोक हैं । इन द्रव्यों को संक्षेप में कहा जाए तो जीव और अजीव- ये दो तत्त्व ही इस लोक में हैं । हमारे जीवन में शरीर और आत्मा इन दोनों का मिश्रित रूप हैं । इसी मिश्रित रूप से हमारे जीवन में भाषा, मन,पर्याप्ति, प्राण आदि अनेक स्थितियाँ हैं । भाषा एक ऐसा माध्यम हैं जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचार व्यक्त करता हैं । अभिव्यक्ति का साधन भाषा है । वह शब्दों का चयन भाषा को सुसंस्कारित बनाती है। मनुष्य में विशेष गुण भाषा का विकास है। अक्षर और शब्दों का ज्ञान अन्य प्राणी अपने भाव अभिव्यक्त कर नहीं कर सकता हैं । अतः भाषा का, शब्दों का हम समुचित प्रयोग करें। स्तुति,स्त्वना, मंत्र- जप आदि में इसका सही से हम उपयोग करे । हमारे द्वारा भाषा न होने से विचारों के संप्रेषण में असुविधा हो सकती हैं । यदि भाषा विवेकपूर्ण हो तो इसके द्वारा अनेक लोगों का कल्याण किया जा सकता हैं । समस्याओं का समाधान भी किया जा सकता हैं । आध्यात्मिक ज्ञान भी दिया जा सकता हैं । यह भाषा का उजला पक्ष हैं । भाषा का दूसरा पक्ष अंधेरा भी हैं जिसे बोलकर झगड़ा, दूसरों को फँसाना आदि कार्य भी किए जा सकतें हैं । हम बोलने में तीन बातों का ध्यान रखें तो भाषा का विवेकपूर्ण उपयोग हो सकता हैं । पहला - मित भाषा, अर्थात् अनावश्यक न बोले, दूसरा दोषरहित बोलना, और तीसरा विचारपूर्ण बोलना । मनुष्य ऐसा प्राणी है जिसके पास व्यक्त भाषा है । वह उसको बोलने की क्षमता प्राप्त है । हम अपनी बात को स्पष्टता से दूसरों तक पहुंचा सकते हैं। कला पूर्ण बोलना वक्तृत्व कला हर मनुष्य में नहीं होती हैं । सत्य बोलना, मीठा बोलना, (कम शब्दों में) सारगर्भित बोलना आदि - आदि काम्य हैं । आओ हम जीना सीखें पुस्तक में गुरुदेव महाश्रमण जी लिखते हैं मौन करना अच्छा है किंतु अनावश्यक न बोलने का संकल्प उससे भी अधिक अच्छा है । और यह 24 घंटे रखा जा सकता है इससे व्यवहार भी नहीं रुकता और सहज मौन सघ जाता है।

**> प्रदीप छाजेड़**

## पिंकी केबिन क्रू थीं, पिता बोले- बेटी ने कहा था अजित दादा से बात कराऊंगी

# यूपी की पिंकी की अजित पवार के प्लेन-क्रैश में मौत

**कोहराम**

तमसा संकेत, एजेंसी


पिंकी माली, मृतक

पिंकी माली की शादी यूपी के बस्ती जिले में हुई थी

जौनपुर । महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार के साथ प्लेन क्रैश में यूपी की पिंकी माली की भी मौत हो गई। वह प्लेन में केबिन क्रू थीं। पिंकी माली मूल रूप से जौनपुर की रहने वाली थीं। पिता शिव कुमार माली मुंबई में टैक्सी चलाने के साथ ही शिवसेना नेता हैं।

जौनपुर में पिंकी का घर जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर केराकत तहसील के भैंसा गांव में है। गांव में रहने वाले अशोक सिंह ने बताया- पिंकी के पिता का गांव से गहरा जुड़ाव था। वह हर साल गांव में दुर्गा पूजा करवाते हैं। दो महीने पहले भी गांव आए थे। पिंकी का एक भाई करन और एक बहन प्रीति हैं। 29 साल की पिंकी मुंबई में ही वरली के सेंचुरी क्वार्टर में रहती थीं। बेटी की मौत की खबर सुनकर मुंबई में रह रहीं पिंकी की मां माया माली बिलख पड़ीं। उन्होंने कहा- मेरा मन बहुत घबरा रहा था। मैं सोच रही थी कि क्या कुछ हुआ है, लेकिन लोग मुझे कुछ नहीं बता रहे थे। अंदर से मुझे लग रहा था कि कुछ ठीक नहीं है। वह रोज सुबह मुझे फोन करती थी। कहती थी- मम्मी, नाश्ता कर लो, दवा खा लो। लेकिन आज उसका कोई मैसेज या कॉल नहीं आई। बेटी बड़े नेताओं और अधिकारियों के साथ फ्लाइट अटेंडेंट के रूप में काम करती थी। अजीत पवार, देवेंद्र फडणवीस, नारायण राने और उनके बेटे के साथ वह यात्रा कर चुकी है। अब तक नहीं पता चला कि हादसा तकनीकी गड़बड़ी के कारण हुआ या कुछ और। मैं चाहती हूं कि इसकी पूरी जांच हो। मेरी बेटी अब हमारे पास नहीं है, वह लौटकर नहीं आएगी। भैंसा गांव में रहने वाले शीतला प्रसाद माली पिंकी के चचेरे भाई हैं।


शिवकुमार पिंकी के पिता | माया पिंकी की मां

### पिता बोले- बेटी खुश थी, कहा था- अजीत दादा से बात कराऊंगी

पिंकी के पिता शिव कुमार माली ने कहा- मैंने उससे कल आखिरी बार बात की थी। उसने बताया था कि वह अजित दादा के साथ बरामती जाएंगी। वहां से नांदेड़ जाएंगी। उसने कहा था कि वह अजित पवार की मुझसे बात कराएगी। वह बहुत खुश थी। भाई करन ने बताया कि सुबह कॉल पर पिंकी ने कहा था कि वह बारामती से नांदेड़ जा रही हैं। उसके बाद उसका कोई मैसेज नहीं आया।

# बीएससी विद्यार्थियों का कोका-कोला प्लांट ग्रेटर नोएडा का औद्योगिक भ्रमण

तमसा संकेत, संवाददाता

> कोका-कोला के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज, गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रियाओं तथा खाद्य एवं पेय उद्योग में स्वच्छता और सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) के महत्व से अवगत कराया।




मेरठ। एमआईईटी मेरठ के जैव प्रौद्योगिकी/सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा बीएससी विद्यार्थियों के लिए कोका-कोला मैन्युफैक्चरिंग प्लांट, ग्रेटर नोएडा का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक वातावरण से परिचित कराते हुए सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटना रहा।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पेय पदार्थ निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई। जिसमें कच्चे माल की हैंडलिंग, जल शोधन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, बोतलिंग, पैकेजिंग तथा उद्योग में अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी शामिल रही।

उद्योग विशेषज्ञों के साथ आयोजित संवादात्मक सत्र विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुआ, जिसमें उन्होंने अपने जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर संभावनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों की अकादमिक समझ को समृद्ध किया और औद्योगिक संचालन की वास्तविक कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से समझने में सहायक रहा।

**फास्ट न्यूज**

### गोरखपुर में मरने से पहले बनाई 25 रील

गोरखपुर । गोरखपुर में 15 साल के लड़के ने 25 रील बनाने के बाद जान दे दी। मंगलवार सुबह उसकी लाश घर के कमरे में फंदे पर लटका मिली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

मामला खजनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि कृष्ण को रील बनाने का शौक था। जान देने से पहले उसने भोजपुरी गानों पर एक्टिंग भी की थी।

### श्रद्धालुओं का 10 लाख का बीमा

प्रयागराज। प्रयागराज के मेजा में मां शीतला धाम महोत्सव 2026 का शुभारंभ हो गया है। बुधवार को भोजपुरी अभिनेता व भाजपा सांसद मनोज तिवारी, भोजपुरी अभिनेता व गोरखपुर के सांसद रवि किशन महोत्सव में शामिल होंगे। दोनों सांसद व एक्टर मां शीतला धाम में जुटे हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उनके लिए भक्ति गीत गाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे परिसर को फूलों से सजाया गया है। प्रयागराज के मेजा तहसील क्षेत्र के कुंवरपट्टी स्थित सोना भवन परिसर में 26 जनवरी को मां शीतला महोत्सव 2026 का शुभारंभ हुआ।

### गोरखपुर में स्टेटस लगाती थी बीएफ मेरी जान

गोरखपुर । गोरखपुर में दरिंदगी की शिकार 13 साल की किशोरी अमीरों की तरह जीना चाहती थी। उसने बड़े-बड़े ख्वाब संजोए थे। हाई-फाई जानकर ही वह इंस्टाग्राम पर सैलून में बार्बर का काम करने वाले 15 साल के लड़के के प्यार में फंस गई। किशोरी ने अपने स्टेटस में लिखा था कि बीएफ माई जान...। मतबल बॉयफ्रेंड को वह जान से भी बढ़कर प्यार करने लगी थी।

## चर्चा में दुकानदार नियम का पालन क्या त्यौहार समय करतें हैं ?

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी । विदित रहें कि दिवाली पर बड़ी मात्रा में मिठाई की बिक्री होती है। ऐसे में ग्राहकों को घटतौली से बचाने के लिए बांट-माप विभाग ने शिकायत नंबर जारी किया है। साथ ही बताया कि ग्राहक किसी भी दुकानदार से मिठाई लें तो डिब्बे का वजन अलग ही देख लें। जबकि बीते दिवाली पर्व पर शहर की कई दुकानें घटतौली में चर्चा में आई थी । अतः समाचार पत्रों में क नामित मिठाई की दंुकानों के द्वारा 60 से 105ग्राम चर्चा आयी थी। जबकि आज भी देखा जा रहा कि दुकानदारों को डिब्बा समेत मिठाई तौल दे रहें हैं। अगर किसी ने देखा या टोका तद उपरान्त 20 से 25 ग्राम बढ़ा देते हैं । प्रश्न यहीं बिचलित करता हैं कि त्यौहार समय बड़े नियम पढ़या जाता हैं । सूत्र बताते कि दस समय बांट-माप निरीक्षक द्वारा बताया जाता कि दुकानदारों को डिब्बा समेत मिठाई नहीं देने के आदेश दिए हैं। कम मिठाई या ड्राई फ्रूट देने पर दुकानदार हजारों रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। मिठाई के साथ डिब्बे का वजन करना विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009 की धारा-12 का उल्लंघन और धारा-30 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। समय के गर्भ में कब विभाग अपने दायित्वों का निर्वाहन करता हैं ?

### बृजभूषण बोले- सवर्ण-दलितों के साथ मिलकर यूजीसी का विरोध करें

लखनऊ। यूपी में UGC के नए नियमों के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा- यह बिल सनातन को बांटने वाला है। सवर्ण समाज को पिछड़ों-दलितों को साथ लाकर इसका विरोध करना चाहिए। बंद कमरे में बैठकर अफसर कोई भी कानून बना देते हैं। समाज में इसका क्या असर होगा, इसकी परवाह नहीं करते।

लखनऊ, देवरिया समेत कई जिलों में छात्र सड़क पर उतर आए। पीलीभीत में सवर्ण समाज के युवकों ने मुंडन कराया। हाथ में काली पट्टी बांधकर नारेबाजी की। देवरिया और मेरठ में प्रदर्शनकारियों की पुलिस से नोकझोंक हो गई। उधर, गाजियाबाद में युवकों ने कफन पहनकर और जंजीर डालकर प्रदर्शन किया।

अयोध्या में भाजयुमो जिलाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह और वाराणसी में भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य ने पद से इस्तीफा दे दिया।

## साथ ही रुपए 2053.57 करोड़ के प्रस्तावित व्यय को भी स्वीकृति दी गई

# मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 108वीं बोर्ड बैठक हुई संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता




मथुरा । आयुक्त, आगरा मंडल, आगरा/अध्यक्ष, मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 108वीं बोर्ड बैठक हुई संपन्न।

बैठक में सर्वप्रथम मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित आय-व्ययक (बजट) को अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसमें कुल रुपए 2082.84 करोड़ के आय-व्यय का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही रुपए 2053.57 करोड़ के प्रस्तावित व्यय को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में टीबी बोर्ड एवं सीबीआई से संबंधित माननीय उच्चतम न्यायालय से संलग्न विभिन्न प्रकरणों की पैरवी हेतु अधिवक्ता नियुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही टीबी बोर्ड एवं सीबीआई कोर्ट हेतु विशिष्टताओं के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति किए जाने के प्रस्तावों को अनुमोदन दिया गया, जिनमें 05 अन्य अभियंता, 01 शहरी एक्सपर्ट, 01 जीआईएस एक्सपर्ट, 01 प्रोक्योरमेंट सलाहकार की आउटसोर्स माध्यम से नियुक्ति शामिल है। समीक्षा के दौरान प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, परियोजनाओं की प्रगति तथा बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में तहसील सदर के ग्राम जैंत में प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही आवासीय योजना में मानचित्रों में आंशिक संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त गोवर्धन विकास आवासीय योजना के अंतर्गत प्राधिकरण की महायोजना-2031 के प्रस्तावित विकास क्रियान्वयन हेतु जोनल प्लान तैयार किए जाने तथा कॉरिडोर मॉडल के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठानों के अंतर्गत क्लास-शॉप आवासीय योजना की दुकानों की सेल किए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

> मंडलायुक्त ने कहा कि मथुरा-वृन्दावन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्राधिकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## भूमि पूजन कर हुआ कार्य प्रारंभ, बताया गया कि यह सड़क कुल 260 मीटर लंबी होगी

# 25 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य



तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। सूरतगंज कस्बे में विकास कार्यों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सूरतगंज पुलिस चौकी से उच्च प्राथमिक विद्यालय तक लगभग 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार बारी एवं ठेकेदार सोनू राजपूत ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। बताया गया कि यह सड़क कुल 260 मीटर लंबी होगी। सड़क का निर्माण लगभग 3 मीटर 15 सेंटीमीटर मोटाई व तीन मीटर चौड़ाई में किया जाएगा, जिससे आवागमन सुगम हो सके। साथ ही सड़क के दोनों ओर साइट में लगभग डेढ़ मीटर चौड़ाई में इंटर-लॉकिंग का कार्य भी कराया जाएगा, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी और सड़क की मजबूती भी बढ़ेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार जनहित में लगातार विकास कार्य करा रही है। सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसे बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार बारी ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से कस्बे के विकास को नई गति मिलेगी और स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा। ठेकेदार सोनू राजपूत ने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाएगा। इस मौके पर सलमान , सत्यम, गोलू, छोटू सहित स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

> इस सड़क के निर्माण से पुलिस चौकी, उच्च प्राथमिक विद्यालय सहित आसपास के मोहल्लों के लोगों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी होती दिखाई दे रही है।

### मस्जिद के सामने शोभायात्रा पर पथराव

वाराणसी। वाराणसी में मंगलवार रात सरस्वती प्रतिमा शोभायात्रा पर अराजकतत्वों ने पथराव कर दिया। थाना शिवपुर के गिलट बाजार से भोजूवीर जा रही प्रतिमा पर गिलट बाजार मस्जिद के सामने अचानक पत्थर चलने लगे। डीजे पर डांस और जयघोष के बीच पथराव से हड़कंप मच गया। गिलट बाजार में कई थानों का फोर्स बुलाया गया है।

शोभायात्रा में शामिल चार लोग पथराव में बुरी तरह घायल हो गए। इसके साथ ही प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हो गई। हंगामा देखकर शोभायात्रा में शामिल पुलिस ने प्रतिमा को आनन फानन मौके से निकाला, जिसके बाद कई थानों का फोर्स बुलाया गया है। शोभायात्रा में लगभग 300 श्रद्धालु शामिल थे। मनीष सोनकर ने बताया- हम लोग आराम से जा रहे थे। तभी 15 से 20 लोग आए और पत्थर चलाने लगे। शोभायात्रा में महिलाएं भी थी। कई लोग घायल हुए है। धर्मेंद्र ने कहा- हम लोग मुर्ति के आगे-आगे चल रहे थे। रास्ता खाली करा रहे थे। ये लोग लाठी-डंडा लेकर पहले से ही लैस थे।

## शहर में बड़ी मात्रा में मिलावटी पनीर, जांच का विषय



तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । एक बार फिर शहर में बड़ी मात्रा में मिलावटी पनीर बिक रहा हैं , ऐसा लोग का कयास लगा रहें हैं । लोग कहतें हैं कि पनीर घटिया रिफाइंड और दूसरे हानिकारक तत्वों से मिलाकर बना रहें हैं , अवश्य जिसे खाने से गंभीर बीमारियों का खतरा हो सकता हैं। जी हा! बात करते बस स्टेशन की सब्जी मंण्डी रेलवें तिराहा पास बहुत से व्रिकेता पनीर लेकर बैठें हैं और हैंरत की बात भाव 150 रू से लेकर 250रू / किलो0 तक मोलतोल रहता हैं ।मिलावटी पनीर हैं या नहीं यें अवश्य ! जांच का विषय हैं। लेकिन लोंगों कीं बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बड़ी मात्रा में मिलावटी पनीर बाजार में खपाया जा रहा हो। अक्सर देखा गया हैं कि पनीर हो सहालग / त्यौहार पर पनीर, खोआ और रिफाइंड की सबसे अधिक डिमांड होती है। पनीर की जगह सिंथेटिक पनीर से पांच गुने तक अधिक मुनाफा होता है। यही वजह है कि असली और नकली का खेल बराबर से चलता है। पनीर की डिमांड काफी बढ़ जाती है जिसके चलते तमाम कई लोग नकली या मिश्रण कर मुनाफा कमाने में जुट जाते हैं। सस्ता पनीर ! देखने में यह बिलकुल असली पनीर जैसा होता है और देखकर इसे खारिज नहीं किया जा सकता है। बड़ा सवाल ! कब सम्बन्धित विभाग जांच करता हैं , समय के गर्भ में हैं ?

**वारदात : बेटी ने बताया- मां के चिल्लाने की आवाज सुनी, जगाने लगी, तो चारों ओर खून फैला था**

# महिला शिक्षामित्र की गोली मारकर हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी


श्रीकांति मृतक

उन्नाव । उन्नाव में महिला शिक्षामित्र की घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात देर रात 1 बजे हुई। महिला कमरे में अकेले सो रही थी। पति घर के बाहर जबकि बेटी घर के अंदर सो रही थी। घटना के समय पूरा परिवार घर में सो रहा था। गोली चलने की आवाज आई तो परिवार और पड़ोसी भागकर मौके पर पहुंचे। वहां महिला श्रीकांति (40) की खून से लथपथ लाश चारपाई पर पड़ी थी। सीने में गोली लगी हुई थी।

पुलिस मौके पर पहुंची। शिक्षामित्र की 13 साल की बेटी रिया का कहना है कि घर के दरवाजे खुले थे। जब हम कमरे में पहुंचे तो वहां कोई नहीं था। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम को कमरे में काले धब्बों का निशान मिला है। घटना जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर असोहा थाने के गोकुलपुर गांव की है। पुलिस आसपास के रास्तों और गांव में आने-जाने वाले लोगों की जानकारी खंगाल रही है। श्रीकांति के पति ओमकार पासी ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने कहा- हत्या के खुलासे के लिए 4 टीम को गठन किया गया है।

### मां को जगाने लगी, लेकिन मां नहीं उठीं

बेटी रिया ने रोते हुए बताया- मां के चिल्लाने की आवाज सुनी। वह भागकर मां के पास गई। उन्हें उठाने लगी तो देखा चारों ओर खून ही खून फैला था। उसे यकीन नहीं हो रहा था। तभी पिता ने बदमाशों के आने की बात कही। पति ओमकार पासी ने कहा- रात में सभी सो रहे थे। अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। दौड़कर मैं वहां गया, लेकिन वहां कोई दिखा नहीं। मेरी पत्नी अपनी चारपाई पर खून से लथपथ पड़ी थी। उसके सीने पर गोली लगी थी। घर के बाहर कोई नहीं था।

### 14 साल से शिक्षामित्र थी

गोकुलपुर की रहने वाली श्रीकांति गोकुलपुर प्राथमिक विद्यालय में 14 सालों से शिक्षामित्र के पद पर तैनात थीं। परिवार में पति ओमकार पासी, 15 साल का बेटा रौनक और 13 साल की बेटी रिया है। श्रीकांति रात करीब एक बजे घर में सो रही था। बेटी दूसरे कमरे में थी। बेटा रौनक अपने मामा के यहां अचलगंज कोरारी में रहकर पढ़ाई करता था। घटना की सूचना के बाद सुबह घर पहुंचा।


शिक्षामित्र का बेटा रौनक अपने मामा के यहां अचलगंज कोरारी में रहकर पढ़ाई करता था। घटना की सूचना के बाद बुधवार सुबह घर पहुंचा। मां की हत्या से दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।


गोकुलपुर की रहने वाली श्रीकांति गोकुलपुर प्राथमिक विद्यालय में 14 सालों से शिक्षामित्र के पद पर तैनात थीं।

# गर्लफ्रेंड का हाथ पकड़कर दूसरी मंजिल से कूदा युवक

## गोरखपुर में ब्रह्मभोज में आया था, छत पर छिपकर मिलने गया

तमसा संकेत, एजेंसी





गोरखपुर । गोरखपुर में गर्लफ्रेंड से चोरी-छिपे मिलने पहुंचे युवक को भीड़ ने घेर लिया। डर में युवक ने प्रेमिका का हाथ पकड़ कर दूसरी मंजिल की छत से छलांग लगा दी। करीब 24 फीट नीचे गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन लोगों ने एंबुलेंस बुलाई। इलाज के लिए जिला अस्पताल में दोनों को भर्ती कराया गया। घटना के बाद पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि अभी तक दोनों ही पक्ष से कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई है। लड़की के घर वालों ने मौखिक शिकायत की, एप्लिकेशन मांगी गई है। घटना खजनी थाना इलाके की है। उधर, लड़की के घर वाले भी छत पर चढ़े। चारों ओर से घिरता देख युवक डर गया। इसी दौरान रात करीब 11 बजे युवक और लड़की दोनों हाथ पकड़ कर छत से नीचे कूद गए। गिरने के बाद दोनों तड़पने लगे। लड़की बेहोश गई।

### खजनी की लड़की और संतकबीरनगर के लड़के में था प्रेम संबंध

खजनी इलाके में रहने वाली 20 साल की लड़की का पिछले एक साल से संतकबीरनगर के खलीलाबाद कोतवाली निवासी विशाल (22) से प्रेम संबंध चल रहा था। रविवार को विशाल गर्लफ्रेंड के गांव में एक तेरहवीं संस्कार में शामिल होने आया था। इस दौरान वह चोरी-छिपे गर्लफ्रेंड के घर पहुंच गया। तभी गांव के अन्य लोगों को इस बात की भनक लगी। गांव की भीड़ वहां पहुंची। लोग नीचे खड़े होकर लड़के को गालियां देने लगे। बाहर आने की आवाज लगाने लगे।

## इंस्पेक्टर सड़क पर गिरे, समर्थक गाड़ी पर चढ़े, रोते हुए बोले- वो हमारे नायक

# बरेली सिटी मजिस्ट्रेट को ले जा रही पुलिस से धक्का-मुक्की

**आरोप**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बरेली । अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान के विरोध में इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को पुलिस उनके आवास से लेकर गई। गेट पर मजिस्ट्रेट के 400 समर्थक जुट गए। जैसे ही तीन गाड़ियां बाहर निकलीं, समर्थक गाड़ियों के सामने लेट गए। वे नारेबाजी करने लगे और कुछ लोग कारों पर चढ़ गए। इस दौरान उनकी पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। एक इंस्पेक्टर के ऊपर अलंकार का समर्थक गिर पड़ा। दोनों सड़क पर



गाड़ी पर चढ़े लोग

औंधे मुंह गिर गए। इंस्पेक्टर ने वर्दी पर हाथ डालने और स्टार नोचने का आरोप लगाया। हाथापाई की नौबत आ गई। लोगों ने बीच-बचाव कराया।

इस दौरान लोग रोते हुए कह रहे थे कि वह हमारे नायक हैं, उनके साथ नाइंसाफी हो रही है।

### सिटी मजिस्ट्रेट को लेकर जा रही पुलिस से भिड़े समर्थक

अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान के विरोध में इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को पुलिस उनके आवास से लेकर गई। गेट पर मजिस्ट्रेट के 400 समर्थक जुट गए। जैसे ही तीन गाड़ियां बाहर निकलीं, समर्थक गाड़ियों के सामने लेट गए। वे नारेबाजी करने लगे और कुछ लोग कारों पर चढ़ गए। इस दौरान उनकी पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। लोग रोते हुए कह रहे थे कि वह हमारे नायक हैं, उनके साथ नाइंसाफी हो रही है। हम गाड़ी को आगे नहीं बढ़ने देंगे।

हम गाड़ी को आगे नहीं बढ़ने देंगे। करीब 10 मिनट तक हंगामा चलता रहा। इसके बाद पुलिस ने समर्थकों को खदेड़ दिया और अधिकारी को लेकर चली गई।

> निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को ले जाते वक्त समर्थक कार के सामने भिड़ गए। एक समर्थक ने एक इंस्पेक्टर की वर्दी पर हाथ डाल दिया। धक्का-मुक्की के दौरान इंस्पेक्टर के ऊपर समर्थक गिरा। फिर उसने उनकी वर्दी के स्टार नोचने की कोशिश की। दरोगा और उनके बीच हाथा-पाई जैसे हालात रहे।



गेट पर मजिस्ट्रेट के 400 समर्थक जुट गए। जैसे ही तीन गाड़ियां बाहर निकलीं, समर्थक गाड़ियों के सामने लेट गए।

### मजिस्ट्रेट के बाहर 400 लोग, जमकर नारेबाजी

सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री के आवास के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्हें लेने के लिए तीन गाड़ियां उनके आवास पर पहुंची हैं, जिसके बाद उन्हें बरेली से बाहर ले जाया जाएगा। वहीं, अलंकार अग्निहोत्री के आवास के बाहर उनके समर्थकों की भारी भीड़ जुटी हुई है। करीब 400 समर्थक मौके पर मौजूद हैं। उनकी रिहाई की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे हैं। स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

ADM सौरभ दुबे ने बताया- सिटी मजिस्ट्रेट को हम लोग उनके घर लेकर जा रहे हैं। दरअसल, सिटी मजिस्ट्रेट मंगलवार शाम से हाउस अरेस्ट में थे। उनके आवास के बाहर भारी संख्या में पुलिस तैनात थी।

## यूजीसी-एक्ट के विरोध में सिर के बाल मुड़वाए, पुतला फूंका

### सीएसए कैंपस से छात्रों ने पैदल मार्च निकाला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। यूजीसी के नए एक्ट का कानपुर में लगातार दूसरे दिन विरोध जारी है। कल्याणपुर ब्लाक के नारामऊ कछार में सवर्ण समाज के लोगों ने सिर मुड़वाकर अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि जनप्रतिनिधियों की अंतरात्मा मरने के शोक में नौवार किया गया है। इसके अलावा सीएसए विश्वविद्यालय में छात्रों ने पैदल मार्च निकला और यूजीसी का पुतला फूंका। सिर मुड़वाने वाले भरत शुक्ला ने बताया कि यूजीसी का जो काला कानून आया है। हमारे सवर्ण प्रतिनिधि सांसद, विधायक व अधिकारी आने वाली पीढ़ियों के विषय में नहीं सोच रहे हैं। सिर्फ अपना निजी लाभ देखते हुए कुछ बोल नहीं पा रहे हैं।

हमें लगता है कि उनकी अंतरात्मा मर चुकी है। इसलिए अंतरात्मा मरने के शोक में सिर के बाल मुड़वाकर



नौवार मना रहे हैं। वापस नहीं हुआ तो तेरहवीं भी मनाएंगे।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में छात्र एकत्र हुए और नारेबाजी शुरु कर दी। इसके बाद छात्रों ने यूजीसी का पुतला लेकर यूनिवर्सिटी कैंपस से पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च के दौरान छात्रों ने यूजीसी के विरोध में जमकर नारेबाजी की। कैंपस से पैदल मार्च करते हुए छात्र कंपनी बाग चौराहे पहुंचे और यूजीसी के पुतले में आग लगाई।

**फास्ट न्यूज**

### 69 लाख देने के बाद भी नहीं मिला फ्लैट

आगरा । आगरा में फ्लैट बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सीजेएम कोर्ट ने 69 लाख 70 हजार रुपए लेने के बावजूद फ्लैट का कब्जा और सेल डीड न देने के आरोप में बिल्डर फर्म और उसके पार्टनर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। मामले के अनुसार, प्रताप नगर, आगरा निवासी गुरुदास बाधवानी ने वर्ष 2016 में संजय प्लेस स्थित तुलसी इन्फ्रा हाइट प्रा. लिमिटेड के माध्यम से श्री तुलसी गोकुलम सिटी फेज-2, आगरा में एक फ्लैट बुक कराया था।

### 'मेरा पति अपनी भाभी के साथ रहता है'

आगरा । आगरा में एक 30 साल की महिला ने वकील पति पर उसकी भाभी के साथ अवैध संबंध का आरोप लगाया। उसने कहा- मेरे पति रात में मेरे साथ नहीं रहता है। शादी के 10 दिन बाद ही मेरे साथ मारपीट करने लगे। विदाई के बाद ससुराल पहुंची तो सुहागरात के दिन रात भर पति का इंतजार करती रही। लेकिन वो नहीं आए। सुबह देखा कि वो जेठानी के साथ सोए थे। जब मैं उसका मना करती हूं तो मेरे साथ मारपीट करता है। एक बार मैंने इसका वीडियो बना लिया, लेकिन पति को पता चलने पर फोन तोड़ दिया। इस सब के बाद अब मुझे घर से निकाल दिया है।

### चंद्रशेखर आजाद की रैली से बसपा में खलबली

आगरा । आजाद समाज पार्टी की रैली से बसपा में खलबली मची हुई है। जिस तरह से रैली में भीड़ उमड़ी...युवाओं का उत्साह उमड़ा, उससे बसपा को अपने गढ़ में बिखराव की आहट होने लगी है। क्योंकि दलितों की राजधानी कहा जाने वाला आगरा कभी बसपा का गढ़ रहा है। 9 विधानसभा सीटों में से दो बार 6-6 सीटें जीतकर बसपा ने यहां अपना झंडा बुलंद किया है।

# एमआईईटी के आशाएं क्लब द्वारा डोनेशन कैंप का आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। एमआईईटी मेरठ के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के आशाएं क्लब द्वारा मेरठ के विभिन्न स्थानों पर एक वृहद सामाजिक डोनेशन कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य शीत ऋतु के दौरान जरूरतमंद वर्ग के लोगों तक सहायता पहुँचाकर समाज में संवेदनशीलता, सेवा भाव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

डोनेशन कैंप का आयोजन औघड़नाथ मंदिर, रेलवे स्टेशन क्षेत्र (असहाय एवं वंचित लोगों के लिए) तथा श्री विवेकानंद कुष्ठ आश्रम, रेलवे रोड, परतापुर सहित कई प्रमुख स्थानों पर किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा बड़ी संख्या में शीतकालीन वस्तुएँ एवं आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

अभियान के अंतर्गत लगभग 300



जैकेट, 200 सूट, 200 कंबल, 500 जोड़ी जूते, 350 चप्पलें, पैक्ड खाद्य सामग्री, स्वच्छता हेतु सेनेटरी पैड्स तथा 500 ताज़ा तैयार भोजन प्लेटें जरूरतमंदों को वितरित की गईं। वितरण कार्य के दौरान छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने पूरी निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ सेवा कार्य में सहभागिता की। इस कार्य को सफल बनाने में छात्र आर्यन राज, वर्णिका, अंशुका, लोअस, सचिन, कार्तिक, शगुन, शेली, कृतिका, यश, दिशांत, दीपेश, आयुष, देवांश, वंश, स्वर्ण, अल्फ़िशा, खुशी, मोनू, शालू, वैष्णवी, राजन एवं कार्तिक की सराहनीय भूमिका रही। अभियान को डॉ. सुबीर कुमार बोस, प्रवेश कुमार, अजीत एवं जितेंद्र कुमार का सहयोग प्राप्त हुआ तथा कार्यक्रम का सफल मार्गदर्शन डॉ. अंजलि राठी द्वारा किया गया।

## प्रमुख सचिव ने दिव्यांगता की रिपोर्ट तलब की, भाई ने कहा था- फर्जी तरीके से नौकरी पाई

# इस्तीफा देने वाले अयोध्या डिप्टी कमिश्नर की जांच तेज



**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या । सीएम योगी के समर्थन में इस्तीफा देने वाले अयोध्या के जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार को मंगलवार रात 9 बजे पुलिस ले गई। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें परिवार के पास लखनऊ ले जाया गया है। भास्कर रिपोर्टर ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

48 साल के प्रशांत कुमार इस्तीफे के बाद विवादों में घिर गए हैं। उनके भाई विश्वजीत ने आरोप लगाया है कि प्रशांत को दिव्यांग कोटे से नौकरी मिली थी। उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र फर्जी है। बुधवार सुबह मामला सामने आने के बाद प्रमुख सचिव कामिनी रतन चौहान ने राज्यकर आयुक्त नितिन बंसल से





### पत्नी से फोन पर बात करते-करते भावुक हुए

प्रशांत कुमार सिंह ने इस्तीफा देने के बाद पत्नी से फोन पर बात की। हैलो...कहते ही वे बेहद भावुक नजर आए। उनका गला रूंध गया और वे अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। उन्होंने रोते हुए पत्नी से कहा- मन बेहद व्यथित था। मैंने इस्तीफा दे दिया है। मुझे बर्दाश्त नहीं हुआ। जिसका नमक खाते हैं, उसका सिला अदा करना चाहिए। मैं बहुत पीड़ा में था। मैं उसी प्रदेश से वेतन लेता हूं, उसी सरकार के तहत काम करता हूं। अगर उसी नेतृत्व के खिलाफ अपमानजनक बातें हों और मैं चुप रहूं, तो यह मेरे लिए संभव नहीं है।

रिपोर्ट तलब की है। आयुक्त कार्यालय के अधिकारी आनन-फानन में शासन पहुंचे। उन्हें बताया गया कि प्रशांत के खिलाफ 2020-21 से शिकायत की जांच चल रही है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट मांगी गई, लेकिन अब तक रिपोर्ट न मिलने से जांच आगे नहीं बढ़ सकी थी।

अब विभाग ने अयोध्या समेत उन सभी जिलों से रिपोर्ट मांगी है, जहां उनकी पोस्टिंग रही है। उनके गृह जिले मऊ से भी रिपोर्ट तलब की गई है।

### कपड़ा कारोबारी ने कहा- प्रशांत ने 8 लाख की डिमांड की थी

GST डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह पर अयोध्या के कपड़ा कारोबारी लक्ष्मण दास ने गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 2 अप्रैल को प्रशांत कुमार ने टीम के साथ दुकान पर आकर छापा मारा था। सर्वे के नाम पर फर्जी तरीके से 8 लाख की डिमांड की थी। गाली देते हुए धमकाया था। लक्ष्मण दास ने कोर्ट में याचिका लगाई है।

## सेवा और संस्कार का दीपक जलाकर स्वयंसेवकों ने लिया संकल्प

# सात दिवसीय एनएसएस कार्यक्रम का भव्य समापन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

महावन (मथुरा)। श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज, महावन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष कार्यक्रम का समापन समारोह गरिमामय, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व, उप-प्रधानाचार्य शिव कुमार निगम के मार्गदर्शन तथा एनएसएस प्रभारी श्रीनिवास शर्मा के संयोजन में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के उप-प्रबंधक गिरिराज शरण पांडे रहे। विशिष्ट अतिथियों में संघ संचालक चंद्रपाल सिंह, प्रधानाचार्य श्यामवीर सिंह, बनी सिंह, तेज सिंह (समाजसेवी) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ



माँ सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवसीय शिविर के दौरान आयोजित स्वच्छता अभियान, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, योग-ध्यान, आध्यात्मिक एवं धार्मिक गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि सात दिवसीय एनएसएस कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करता है।

उप-प्रधानाचार्य श्री शिव कुमार निगम ने स्वयंसेवकों के

> मुख्य अतिथि गिरिराज शरण पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र के प्रति सजग नागरिक बनाते हैं।

अनुशासन, परिश्रम एवं सक्रिय सहभागिता की प्रशंसा की।

एनएसएस प्रभारी श्रीनिवास शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य युवाओं को "मैं नहीं, आप" की भावना के साथ समाज सेवा से जोड़ना है। कार्यक्रम में संजय वर्मा स्काउट मास्टर विनोद कुमार शुक्ला, डॉ. राकेश कुमार राही, विश्वजय सिंह पारस दीक्षित , अंजलि वर्मा, प्रीति पांडे , विजय शर्मा, टीना दीक्षित, कसक का विशेष सहयोग रहा। समारोह के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया तथा सभी ने भविष्य में भी समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

समापन समारोह का वातावरण उत्साह, अनुशासन और सेवा-भावना से परिपूर्ण रहा।

# लखनऊ - अयोध्या समेत 9 शहरों में बारिश, 29 में अलर्ट

## 24 घंटे में 8 शहरों में ओले गिरे, संभल-सिद्धार्थनगर में स्कूल बंद

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । यूपी में एक बार फिर मौसम ने पलटी मारी है। अयोध्या-लखनऊ समेत 9 शहरों में बुधवार को बारिश हुई है। लखनऊ-कन्नौज में रातभर रुक-रुक कर बारिश होती रही, जिससे सड़कों पर पानी भर गया। संभल में कक्षा 8 तक और सिद्धार्थनगर में कक्षा 12 तक के स्कूल आज बंद कर दिए गए हैं।

मौसम विभाग ने 29 जिलों में आज ओले और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 20-30 की स्पीड में हवाएं चलेंगी। बारिश से पारा 3-4 डिग्री तक गिर सकता है। प्रदेश में बलिया सबसे ठंडा जिला रहा। यहां तापमान 6.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार की बात करें तो 15 जिलों में बारिश हुई। कल देर शाम 8 जिलों में ओले भी गिरे। इसमें





मुरादाबाद, आगरा, गाजियाबाद, नोएडा, बागपत, हाथरस, सहारनपुर और अमरोहा हैं। नोएडा में सबसे ज्यादा आधे घंटे तक ओले गिरे। लखनऊ में मौसम बदल गया। नए साल में पहली बार इतनी तेज बारिश हुई है। मंगलवार रात से शुरू हुई बारिश बुधवार सुबह तक जारी है। आसमान में बादल छाए हैं। सुबह तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि नमी का स्तर लगभग 98 प्रतिशत तक पहुंच गया। 11 किलोमीटर की स्पीड से तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने दिन में भी हल्की बारिश की संभावना जताई है।

> लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया- उत्तर भारत में इस समय पश्चिमी हवाओं का असर बना है। हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में हवा का चक्र सक्रिय है। ऊंचाई पर तेज पश्चिमी जेट स्ट्रीम भी चल रही है। 30 जनवरी की रात से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ प्रभाव डाल सकता है, जिससे आगे मौसम और बिगड़ेगा। बारिश की संभावना बनी हुई है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### नहीं रहे अजित ...

इस दौरान विमान रनवे से पहले ही गिर गया और उसमें आग लग गई। इस दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था। उसने 'मेडे' कॉल भी नहीं किया था।

महाराष्ट्र CM देवेंद्र फडणवीस बारामती पहुंच गए हैं। उन्होंने आज स्कूलों की छुट्टी और 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पवार का अंतिम संस्कार बारामती में गुरुवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। अजित के चाचा शरद पवार, पत्नी सुनेत्रा, दोनों बेटे और बहन सुप्रिया सुले भी बारामती पहुंच गई हैं।

इधर, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, यानी AAIB ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### वीएसआर वेंचर्स ...

एयरलाइन के पास अभी भी सात और विमान हैं। हम उन्हें ग्राउंड नहीं करने जा रहे हैं। DGCA हमारे विमानों की जांच कर रहा है।'

### एकनाथ शिंदे की ...

आज हम दोनों डिप्टी सीएम थे. अजित दादा सुबह जल्दी उठते थे और मिलने वालों को 6 बजे तक के अपॉइंटमेंट देते थे. समय को महत्व देने वाले कद्दावर और कर्मठ नेता थे.

डिप्टी CM शिंदे ने आगे कहा, "यह महाराष्ट्र और उनके परिवार के लिए बहुत बड़ा नुकसान है. अजित दादा को कई विभागों का अनुभव था. मैं सीएम था तब लाडली बहना योजना शुरू की थी, उसमें अजित दादा ने बहुत योगदान दिया. वे राजनीति और उम्र में मुझसे बड़े थे. हमारी टीम का हिस्सा नहीं रहे, फिर भी मैं उन्हें दुखभरी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. उनके परिवार को इस दुख से उबरने की शक्ति ईश्वर प्रदान करे, यह कामना करता हूं."

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, "इस विमान हादसे की जांच जरूर होगी, क्योंकि ऐसी घटना दोबारा न हो, इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए.

### महाराष्ट्र में 3 दिन के ...

फडणवीस ने कहा मैंने सुप्रिया ताई (सुप्रिया सुले) और पार्थ पवार से बात की है। एक बार जब हम बारामती पहुंच जाएंगे, तो हम परिवार के सदस्यों से बात करेंगे, और फिर हम उनके अंतिम संस्कार के बारे में कुछ फैसला करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रोटोकॉल अनुभाग ने कहा कि पवार का निधन 28 जनवरी की सुबह हुआ है, 30 जनवरी तक राज्य शोक मनाया जाएगा। इस दौरान सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। 3 दिन तक कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा। विभाग ने आगे घोषणा की कि उपमुख्यमंत्री के निधन के कारण बुधवार को पूरे महाराष्ट्र में सभी राज्य सरकारी कार्यालय भी बंद रहेंगे।

### 'अजित पवार विमान ...

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया है. उन्होंने कहा कि एक कद्दावर नेता का इस तरह जाना देश के लिए क्षति है. उन्होंने भी पारदर्शी जांच की मांग की ताकि विमान के क्रैश होने के तकनीकी या अन्य कारणों का स्पष्ट पता चल सके.

### एनसीसी कैडेट्स ...

दरअसल, NCC पीएम रैली महीने भर चले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 के समापन का प्रतीक है, जिसमें देशभर से 2,406 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इनमें 898 बालिका कैडेट्स शामिल रहीं।

इसके अलावा भूटान, श्रीलंका, ब्राजील, नेपाल और मलेशिया समेत 20 से अधिक मित्र देशों से 200 से ज्यादा कैडेट्स और अधिकारियों ने शिविर में हिस्सा लिया।

पीएम ने अपने संबोधन में कहा आप सभी अपनी भूमिका को सशक्त कर रहे हैं। एनसीसी युवाओं का मंच है। इस मंच पर अपनी विरासत को गौरव के साथ जिया जा रहै। इस साल वंदे मातरम् के 150 साल होने का उत्सव एनसीसी ने पूरे जोश से मनाया है। देश के कोने कोने में कार्यक्रम किए।

### संसद में गूंजा '...

विश्व आज कठिन कालखंड से गुजर रहा है। लंबे समय से चले आ रहे समीकरण भी बदल रहे हैं। कठिन परिस्थितियों के बीच भी भारत तेजी से विकास की राह पर बढ़ रहा है। इसके पीछे दूरगामी विदेश नीति की भूमिका है। भारत पर दुनिया के देश भरोसा व्यक्त करते हैं। भारत सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। भारत ने मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी है। भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज को और मुखरता से तेज किया है। पुराने संबंधों को मजबूती देते हुए नए संबंध भी विकसित किए हैं। ग्लोबल पॉलिटिक्स का अंतिम ध्येय मानवता की सेवा होनी चाहिए।

### हम किसी को ना ...

ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पूरी दुनिया ने भारतीय सशस्त्र बलों का शौर्य देखा।

अपने संसाधनों के बल पर हमारे देश ने आतंक के अड्डों को नष्ट किया। मेरी सरकार ने यह कड़ा संदेश दिया है कि भारत पर होने वाले हर हमले का जवाब मजबूत और निर्णायक होगा।

सिंधु जल संधि को स्थगित रखा गया है और यह आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई का हिस्सा है। देश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के लिए मिशन सुदर्शन चक्र पर भी काम किया जा रहा है।

### माघ मेला छोड़कर ...

माघ मेला 15 फरवरी तक चलेगा। अभी 2 स्नान बचे हैं। माघी पूर्णिमा (1 फरवरी) और महाशिवरात्रि (15 फरवरी)। यानी विवाद के कारण शंकराचार्य ने माघ मेला 18 दिन पहले ही छोड़ दिया। मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य का प्रशासन से विवाद हुआ, फिर वे बिना स्नान किए लौट गए। इसके बाद उन्होंने बसंत पंचमी के दिन भी स्नान नहीं किया था। अब वे बाकी दोनों स्नान में भी शामिल नहीं होंगे।

अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- प्रशासन के कल के प्रस्ताव में मौनी अमावस्या की घटना के लिए माफी नहीं मांगी गई। असली सम्मान तब होता है, जब गलती मानी जाए और सच्चे मन से माफी मांगी जाए। जब तक मूल घटना की जिम्मेदारी लेकर दोषी लोग माफी नहीं मांगते, तब तक ऐसे किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करूंगा। अगर मैं उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेता, तो उस दिन हुई घटना और उनके भक्तों के अपमान का मुद्दा दब जाता।

### ओले से फसल बर्बाद ...

वह तराना तहसील के खेड़ा जामुनिया गांव में रहते थे। उन्होंने करीब 6 बीघा जमीन पर गेहूं की फसल लगाई थी, जो नष्ट हो गई। फसल खराब होने से पंकज काफी परेशान थे। वे मंगलवार रात घर नहीं लौट। सुबह जब परिवार के लोग खेत पहुंचे तो उसका शव मिला।

पंकज के परिवार में मां, पत्नी, दो छोटे बच्चे 8 वर्षीय बेटा और 5 वर्षीय बेटी है। उसकी दो बहनें हैं। इनमें से एक की अप्रैल में शादी होने वाली है। पिता की मौत हो चुकी है। पंकज के पिता की मौत हो चुकी है। वह घर में अकेला कमाने वाला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया है।

### इधर फसलों का सर्वे ...

सर्वे के लिए सभी तहसीलदार, आरआई और पटवारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे गांव-गांव जाकर किसानों की फसल का नुकसान दर्ज करें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि किसी भी किसान को हुए नुकसान को अनदेखा नहीं किया जाएगा और ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का आकलन तुरंत किया जा रहा है।

### दो दिन पहले सगाई ...

कहा कि अब शादी कैसे हो पाएगी, जबकि बयाना भी दे चुका है। उन्होंने पंकज को समझाया कि सब मिलकर व्यवस्था कर लेंगे और चिंता न करे, लेकिन इसके बावजूद उसने यह बड़ा कदम उठा लिया।

# टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त ■ ऐडन मार्करम ने नाबाद 86 रन बनाए

# साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

**बढ़त**

पार्ल, एजेंसी




तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। कप्तान ऐडन मार्करम की नाबाद 86 रन की पारी की बदौलत टीम ने 174 रन का लक्ष्य 13 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाए थे। जवाब में साउथ अफ्रीका ने केवल 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वर्ल्ड कप मुकाबलों को छोड़ दें, तो पिछले 8 टी-20 मैचों में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह साउथ अफ्रीका की पहली जीत है। वेस्टइंडीज की ओर से ब्रैंडन किंग ने 14 गेंदों में 23 रन बनाए, लेकिन केशव महाराज ने जॉनसन चार्ल्स और किंग को आउट कर टीम को दबाव में डाल दिया। एक समय टीम ने 95 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद शिमरोन हेटमायर (48 रन) और रोवमैन पॉवेल ने छठे विकेट के लिए 74 रन जोड़कर स्कोर 174 तक पहुंचाया। मैच के 14वें ओवर में हेटमायर ने केशव महाराज के ओवर में 102 मीटर लंबा छक्का जड़ा। इस ओवर में 16 रन आए। महाराज ने अपने 4 ओवर में 44 रन दिए, जो उनके टी-20 करियर का सबसे महंगा स्पेल रहा।

> “पिछले डेढ़ साल से टी-20 फॉर्मेट में संघर्ष कर रहे ऐडन मार्करम इस मैच में पुरानी लय में नजर आए। उन्होंने 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से 86 रन की नाबाद पारी खेली। यह उनका टी-20 इंटरनेशनल करियर का सर्वोच्च स्कोर है।




■ शिमरोन हेटमायर (48 रन) और रोवमैन पॉवेल ने छठे विकेट के लिए 74 रन जोड़कर स्कोर 174 तक पहुंचाया।

## पहले विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका को मार्करम और लुहान-ड्रे प्रिटोरियस (23 रन) ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद नंबर-3 पर उतरे रयान रिकेलटन ने 40 रन की नाबाद पारी खेली। मार्करम और रिकेलटन के बीच दूसरे विकेट के लिए 93 रन की अटूट साझेदारी रही।

# कप्तान सूर्या की टॉप-10 में वापसी रिंकू और हार्दिक की लंबी छलांग

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को आईसीसी मेंस टी20आई बैटिंग रैंकिंग में तगड़ा फायदा हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे और तीसरे टी20 मैच में 82 रन की नाबाद पारी और 57 रन की नाबाद पारी खेलने का उन्हें इनाम मिला है।

पूर्व नंबर 1 बल्लेबाज कुल 5 स्थानों के फायदे के साथ टी20आई बैटिंग रैंकिंग में 7वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

भिषेक शर्मा शीर्ष पर और तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 से ठीक एक हफ्ते पहले आईसीसी द्वारा जारी रैंकिंग में कई भारतीय खिलाड़ियों को फायदा हुआ है।

दरअसल, रायपुर में खेले गए दूसरे T20 मैच में 32 गेंदों पर 76 रन बनाने वाले ईशान किशन ने 64वें स्थान पर रैंकिंग में फिर से प्रवेश किया है, जबकि शिवम दुबे (नौ स्थान ऊपर चढ़कर 58वें स्थान पर) और रिंकू सिंह (13 स्थान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) को तगड़ा फायदा हुआ है।

आईसीसी टी20आई बैटिंग रैंकिंग के टॉप पर अभिषेक शर्मा 929 रेटिंग के साथ बरकरार है। दूसरे पायदान पर इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 849 रेटिंग के साथ मौजूद है। तिलक वर्मा तीसरे पायदान पर 781 रेटिंग के साथ बने हुए है। चौथे स्थान पर जोस बटलर, पांचवें स्थान पर साहिबजादा फरहान मौजूद है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (Suryakumar Yadav ICC Rankings) 5 स्थान के उछाल के साथ 7वें पायदान पर पहुंच गए हैं। सूर्या की रेटिंग 717 है।

# ब्रेविस एसए20 फाइनल में सेंचुरी जमाने वाले पहले खिलाड़ी : ग्रीम

### ग्रीम स्मिथ ने ब्रेविस की तारीफ की बोले- उनके जैसे खिलाड़ी मैच पलट सकते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी




साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने SA20 फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे डेवाल्ड ब्रेविस की तारीफ की। साथ ही उनका कहना है कि यह टूर्नामेंट फरवरी-मार्च में खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए पूरी साउथ अफ्रीकी टीम को बेहतरीन तैयारी दे चुका है।

लीग के कमिश्नर स्मिथ ने मंगलवार को मीडिया डे के दौरान दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा, ब्रेविस की इस सीजन की शुरुआत खास नहीं रही थी, लेकिन उन्होंने खुद को संभाला और मुश्किल हालात में जोरदार वापसी की। खासकर प्लेऑफ के मुकाबलों में ब्रेविस टीम के लिए मैच विनर साबित हुए और फाइनल तक पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका रही। 43 साल के पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा, तैयारी के लिहाज से देखें तो मुझे लगता है कि टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इससे बेहतर तैयारी नहीं हो सकती थी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम किस तरह के कॉम्बिनेशन के साथ उतरती है।

उन्होंने आगे कहा, टी-20 फॉर्मेट में मैच विनर खिलाड़ियों की भूमिका बेहद अहम होती है। आपको गेंद और बल्ले दोनों से मैच जिताने वाले खिलाड़ी चाहिए। साउथ अफ्रीका के पास ब्रेविस, क्विंटन डिकॉक जैसे बल्लेबाज हैं, जो किसी भी मैच का रुख पलट सकते हैं।

डेवाल्ड ब्रेविस SA20 के इस सीजन के फाइनल में शतक लगाया और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। उन्होंने 56 बॉल पर 101 रन बनाए। ब्रेविस लीग के अब तक हुए चार फाइनल में शतक जमाने वाले पहले खिलाड़ी बने। उनकी सेंचुरी बेशक टीम के काम न आई लेकिन उन्होंने अपने दम पर टीम को मुकाबले में बनाए रखा था। ब्रेविस ने अपनी पारी में 8 चौके और 7 छक्के जमाए।

# इगा स्वियातेक ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर

### एलिना रायबकिना और जेसिका पेगुला सेमीफाइनल में पहुंची, जोकोविच को दो सेट हारने के बाद वॉकओवर मिला

नई दिल्ली, एजेंसी

"साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में बुधवार को बड़े उलटफेर देखने को मिले। महिला सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान की एलिना रायबकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इस हार के साथ ही पोलैंड की स्वियातेक का करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का सपना अधूरा रह गया। स्वियातेक अब तक चार बार फ्रेंच ओपन, एक बार विंबलडन और एक बार यूएस ओपन का खिताब जीत चुकी हैं और वह चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाली 11वीं महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में थीं।

वहीं, अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने हमवतन अमांडा अनिसिमोवा को हराकर महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेंस में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच दो सेट गंवाने के बाद तीसरे सेट में मुकाबला खेल ही रहे थे कि विरोधी खिलाड़ी लोरेंजो मुसेटी के चोटिल होकर मैच से हटने के कारण सेमीफाइनल में पहुंच गए।

मैच की शुरुआत से ही 22 साल के लोरेंजो मुसेटी ने शानदार खेल दिखाया। उन्होंने जोकोविच की सर्विस ब्रेक की और पहला सेट 6-4 से अपने नाम किया।



■ इस जीत के साथ रायबकिना के पास अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का मौका।

## रायबकिना ने पहला सेट एक घंटे में जीता

रायबकिना और इगा स्वियातेक के बीच पहला सेट करीब एक घंटे तक चला, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। सेट के आखिरी गेम में रायबकिना ने स्वियातेक की सर्विस ब्रेक कर 7-5 से सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में रायबकिना पूरी तरह हावी रहीं। रूस में जन्मी और कजाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कर रही रायबकिना ने शुरुआती दो सर्विस ब्रेक के साथ 3-0 की बढ़त बनाई और स्वियातेक को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने 6-1 से दूसरा सेट जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।



■ इटली के 5वें वरीय मुसेटी ने शुरुआती दो सेट जीतकर जोकोविच को बाहर होने की कगार पर धकेल दिया था, लेकिन तीसरे सेट के दौरान दाहिने पैर की मांसपेशी में खिंचाव (इंजरी) के कारण उन्हें मैच बीच में ही छोड़ना पड़ा।

## सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी से होगा

रायबकिना का सामना अमेरिकी खिलाड़ी से होगा गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल में रायबकिना का मुकाबला जेसिका पेगुला और अमांडा अनिसिमोवा के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। पेगुला 2024 यूएस ओपन की फाइनलिस्ट रही हैं, वहीं अनिसिमोवा पिछले साल विंबलडन और यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची थीं।

**मनोरंजन**

### कहा- इसे खत्म कर रहा हूं, अब इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स पर करेंगे काम, कई बार विवादों में रहे

# अरिजीत सिंह ने छोड़ी प्लेबैक सिंगिंग



नई दिल्ली, एजेंसी




पॉपुलर सिंगर अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया के जरिए इसकी आधिकारिक घोषणा की है।

सिंगर ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकांउट पर लिखा, नमस्ते, आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। इतने सालों से श्रोताओं के रूप में मुझे जो इतना प्यार दिया है, उसके लिए आप सबका धन्यवाद। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब से मैं एक प्लेबैक सिंगर के तौर पर कोई भी नया काम नहीं लूंगा। मैं इसे यहीं खत्म कर रहा हूं। यह एक शानदार सफर रहा। प्लेबैक सिंगिंग में गानों की रिकॉर्डिंग स्टूडियो में होती है। बाद में इसे फिल्मों में एक्टर-एक्ट्रेस पर फिल्माया जाता है। यानी आवाज सिंगर की होती है, एक्टर-एक्ट्रेस इस पर लिप्सिंग करते हैं। साल 2014 के गिल्ड अवॉर्ड में सिंगर अरिजीत सिंह गाने- क्योंकि तुम ही हो... के लिए अवॉर्ड लेने पहुंचे थे।

## अरिजीत के करीब बोले- बहुत सोचकर लिया फैसला

अरिजीत सिंह के करीबी और सयोनी गाने के कंपोजर अंजन भट्टाचार्य ने बातचीत में कहा कि अरिजीत ने यह फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया है। उन्होंने लंबे समय तक विचार किया और अब उन्हें लगता है कि यही सही समय है। वे अपने फैंस के प्यार और सपोर्ट के लिए हमेशा आभारी रहेंगे और भविष्य में नए अंदाज में उनसे जुड़ते रहेंगे। कंपोजर ने अरिजीत सिंह के फ्यूचर प्रोजेक्ट्स पर भी बात की है।

> “'बिग बॉस 19' के 'वीकेंड का वार' एपिसोड में कॉमेडियन रवि गुप्ता बतौर होस्ट पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सलमान से कहा कि उन्हें यहां आने में डर लग रहा था क्योंकि उनकी शक्ल अरिजीत सिंह से काफी मिलती है। इस पर सलमान हंस पड़े और कहा, अरिजीत और मैं बहुत अच्छे दोस्त हैं, वो मिसअंडरस्टैंडिंग थी और वो गलतफहमी मेरी साइड से हुई थी।

## गेरुआ सॉन्ग पर हुआ विवाद

कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान अरिजीत सिंह ने फिल्म दिलवाले का गाना गेरुआ गाया था। उस समय पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौजूद थीं। इसके कुछ दिनों बाद अरिजीत सिंह के कुछ कॉन्सर्ट कैंसिल कर दिए गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी गेरुआ रंग से डर गईं। इसके बाद अरिजीत ने विवाद पर कहा था, 'एक रंग को लेकर इतना विवाद। गेरुआ रंग संन्यासियों का होता है। स्वामी जी (विवेकानंद) का है। अगर उन्होंने सफेद पहना होता तो क्या सफेद रंग पर भी विवाद होता?'

# एटली ने दीपिका पादुकोण को बताया लकी चार्म

नई दिल्ली। जवान जैसी शानदार फिल्म बनाने वाले साउथ सिनेमा के निर्देशक एटली आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान एटली ने बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने दीपिका को अपना लकी चार्म बताया है।

इसके अलावा एटली ने भविष्य में सुपरस्टार शाह रुख खान संग नई फिल्म बनाने की योजना को लेकर भी खुलकर बात की है। ऐसे में आइए जानते हैं कि एटली ने क्या-क्या कहा है। हाल ही में एटली ने इंडिया टुडे को एक लेटेस्ट एपिसोड दिया है। जिसमें उन्होंने बी टाउन एक्ट्रेस को लेकर खुलकर बात की है। साउथ फिल्ममेकर ने कहा है हां, वह मेरी लकी चार्म हैं। दीपिका के साथ ये मेरी दूसरी फिल्म है। सच बताऊं तो उनके साथ काम करना बहुत अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि मां बनने के बाद वह यह फिल्म शुरू कर रही हैं, जिसकी बदौलत आपको निश्चित रूप से एक बहुत अलग दीपिका देखने को मिलेगी। इसके अलावा एटली ने भविष्य में सुपरस्टार शाह रुख खान संग काम करने को लेकर भी अपनी राय दी है और कहा है-जी हां बिल्कुल मैं उनके (शाह रुख खान) साथ फ्यूचर में फिल्म करने की योजना बना रहा हूं, लेकिन ये तय है कि वह जवान 2 तो नहीं होगी। हम एक फ्रेश मूवी की तैयारी में लगे हुए हैं। अगर सबकुछ सटीक रहा तो यकीनन तौर पर उनके साथ मेरी दूसरी फिल्म भी आपको देखने को मिलेगी। दीपिका पादुकोण आने वाले समय में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के साथ फिल्म AA22 x A6 में नजर आएंगी। जिसका डायरेक्शन कोई और नहीं बल्कि खुद एटली कर रहे हैं। साइंस एंड एक्शन फिक्शन वाली ये मूवी अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज की जा सकती है। इस अनटाइटल मूवी से दीपिका का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है। इस मूवी में दीपिका पादुकोण और अल्लू अर्जुन के अलावा आपको मृणाल ठाकुर, रम्या कृष्णन, काजोल, रश्मिका मंदाना, योगी बाबू जान्हवी कपूर, और जिम सर्भ जैसे कई कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## शाहरुख खान संग नई फिल्म की तैयारी?



### मेट्रो विवाद पर वरुण धवन की टीम की सफाई, हैंडल से लटकने पर मेट्रो एथॉरिटी ने दी थी चेतावनी


# ‘कोई जुर्माना या दंड नहीं लगाया गया’

**विवाद**

नई दिल्ली, एजेंसी



बॉर्डर 2 में नजर आ रहे एक्टर वरुण धवन मुंबई मेट्रो से सामने आए एक वीडियो से विवादों में घिर गए। दरअसल, वीडियो में एक्टर मेट्रो के ओवरहेड रॉड में पुश-अप करते दिखे थे, जिसके बाद मेट्रो एथॉरिटी ने वीडियो जारी कर इसे दंडनीय अपराध कहा था। अब इस विवाद पर वरुण धवन की टीम ने सफाई देते हुए कहा है कि एक्टर पर किसी तरह का जुर्माना नहीं लगाया गया है। वरुण धवन की टीम ने आधिकारिक स्टेटमेंट में कहा, हम वरुण धवन और मुंबई मेट्रो को लेकर आई हालिया खबरों पर स्पष्टीकरण देना चाहते हैं। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि वरुण पर किसी भी तरह का कोई जुर्माना या दंड नहीं लगाया गया है। अधिकारियों द्वारा किया गया पहले का पोस्ट हटा लिया गया है और इस गलतफहमी को दूर करने में उनके सहयोग के लिए हम उनका धन्यवाद करते हैं। वरुण शहर के नियमों और मेट्रो विभाग की कोशिशों का पूरा सम्मान करते हैं। मेट्रो एथॉरिटी की पोस्ट में आगे लिखा गया था, इस तरह के काम उपद्रव फैलाने या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से जुड़े प्रावधानों के तहत दंडनीय हैं, जैसा कि मेट्रो रेलवे (संचालन और रखरखाव) अधिनियम, 2002 में दिया गया है और अपराध की गंभीरता के आधार पर इसमें जुर्माना और जेल की सजा भी हो सकती है।



> “यह वीडियो आपकी एक्शन फिल्मों में दिखने वाले डिस्क्लेमर के साथ आना चाहिए था, वरुण धवन- ‘महा मुंबई मेट्रो में इसे आजमाने की कोशिश न करें।’ हम समझते हैं, दोस्तों के साथ मेट्रो में घूमना-फिरना अच्छा लगता है, लेकिन जो पकड़ने वाले हैंडल होते हैं, वे लटकने के लिए नहीं होते।

## वरुण धवन ने खुद शेयर किया था मुंबई मेट्रो का वीडियो

शनिवार को वरुण धवन ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से मुंबई मेट्रो के हैंडल में लटकते हुए वीडियो पोस्ट कर जानकारी दी थी, कि ट्रैफिक से बचने के लिए वो मुंबई मेट्रो में सफर कर रहे हैं। वो एक थिएटर में सरप्राइज देने जा रहे थे। बता दें कि उनकी फिल्म बॉर्डर 2 इन दिनों सिनेमाघरों में है और अच्छी कमाई कर रही है।

## अमेरिकी अधिकारी बोले- यूरोप के बाजार तक पहुंच मिलेगी, टेलीग्राफ ने लिखा- मोदी व्यापार समझौते के असली विजेता

# ‘ईयू से डील का भारत को ज्यादा फायदा’



**समझौता**

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

भारत और यूरोपीय यूनियन (EU) के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) पर अमेरिकी ट्रेड अधिकारी जैमीसन ग्रीर ने कहा है कि इस समझौते का सबसे बड़ा फायदा भारत को मिलने वाला है। उनके मुताबिक, यह डील कई मायनों में भारत के पक्ष में झुकी हुई है। ग्रीर ने फॉक्स बिजनेस को दिए इंटरव्यू में कहा कि समझौते के लागू होने के बाद भारत को यूरोपीय बाजार में ज्यादा पहुंच मिलेगी और कुल मिलाकर भारत टॉप पर रहेगा। उन्होंने कहा,मैंने अब तक डील के कुछ डिटेल्स देखे हैं। ईमानदारी से कहूं तो इसमें भारत को फायदा मिलता दिख रहा है। भारत को यूरोप के बाजार में ज्यादा पहुंच मिल रही है। वहीं ब्रिटिश अखबार टेलीग्राफ ने भारत के लिए इस समझौते की तारीफ की है। अखबार ने लिखा है कि पीएम मोदी इस समझौते के असली विजेता है। ग्रीर के मुताबिक, भारत-EU फ्री ट्रेड एग्रीमेंट में भारतीय कामगारों की यूरोप में आवाजाही से जुड़े प्रावधान शामिल हैं। उनका कहना है कि इस डील के तहत भारतीय प्रोफेशनल्स और वर्कर्स को यूरोपीय देशों में काम करने के ज्यादा मौके मिल सकते हैं।



भारत और EU के बीच मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सहमति बनी।

### भारत-ईयू ने ‘मदर ऑफ ऑल डील्स’ पर मुहर लगाई

भारत और यूरोपियन यूनियन ने मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन किए। इसे ‘मदर ऑफ ऑल डील्स’ बताया जा रहा है। इस समझौते से करीब 2 अरब लोगों का बाजार बनेगा और यह वैश्विक GDP के लगभग 25% हिस्से को कवर करेगा। समझौते के तहत भारत के 99% एक्सपोर्ट पर EU में टैरिफ खत्म होगा, जबकि यूरोपीय यूनियन के 97% से ज्यादा एक्सपोर्ट पर भारत में ड्यूटी कम की जाएगी। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक इस समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद भारत में इम्पोर्ट होने वाली यूरोपीय कारें जैसे कि BMW, मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110% से घटाकर 10% कर दिया जाएगा। इसके अलावा भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है। यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150% टैरिफ लगता है। इसे घटाकर 20–30% किया जाएगा।

### ग्रीर बोले- सख्त अमेरिकी ट्रेड नीति से ईयू नए बाजार ढूंढ रहा

ग्रीर ने यह भी कहा कि भारत-EU फ्री ट्रेड डील का एक बड़ा कारण अमेरिका की बदलती व्यापार नीति है। उनके मुताबिक, अमेरिका अब घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को प्राथमिकता दे रहा है। साथ ही दूसरे देशों को अमेरिकी बाजार तक आसानी से पहुंच नहीं दे रहा। ग्रीर ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया और विदेशी देशों से आने वाले सामान पर शुल्क जैसे कदम उठाए गए। इससे कई देश, खासकर यूरोपीय यूनियन, अपने उत्पाद बेचने के लिए नए बाजार तलाशने लगे हैं।

> ■ यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को कहा कि इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से हर साल करीब 4 अरब यूरो (43 हजार करोड़ रुपए) के टैरिफ कम होंगे और भारत व यूरोप में लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए मौके बनेंगे।
>
> ■ उन्होंने कहा कि भारतझ ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट दुनिया को साफ संदेश देता है कि आज की ग्लोबल चुनौतियों का सबसे अच्छा जवाब आपसी सहयोग है, न कि अलग-थलग होकर फैसले लेना।

**फास्ट न्यूज**

### चांदी दो दिन में 44,116 बढ़ी, 3.61 लाख/किलोग्राम पहुंची

नई दिल्ली । चांदी-सोने के दाम लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर हैं। आज 29 जनवरी को एक किलो चांदी की कीमत 17,257 रुपए बढ़कर 3,61,821 रुपए किलो पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन ने यह जानकारी दी है। दो दिन में चांदी की कीमत 44,116 रुपए महंगी हुई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 3,17,705 रुपए किलो थी।

### पाकिस्तान में लौह मंदिर का जीर्णोद्धार पूरा

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित ऐतिहासिक लाहौर किले में मौजूद लौह मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही अब यह स्थल आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। मान्यता है कि यह मंदिर भगवान श्रीराम के पुत्र लव को समर्पित है और हिंदू परंपरा के अनुसार लाहौर शहर का नाम भी लव के नाम पर ही पड़ा माना जाता है। वाल्ड सिटी लाहौर प्राधिकरण (डब्ल्यूसीएलए) ने जानकारी दी कि लौह मंदिर के साथ-साथ सिख कालीन हम्माम और महाराजा रणजीत सिंह के अठदारा पैविलियन का भी संरक्षण किया गया है।

### टीवीएस का तीसरी तिमाही में मुनाफा 49% बढ़कर 841

नई दिल्ली। ऑटोमोबाइल कंपनी TVS मोटर्स को वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में 841 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर यह 49% बढ़ गया है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 566 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। वहीं कंपनी के कमाई में 33% की बढ़ोतरी हुई है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में TVS मोटर्स ने 14,745 करोड़ रुपए की कमाई की है।

## सेंसेक्स 487 अंक चढ़कर 82,344 पर बंद हुआ

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजार में आज यानी 28 जनवरी (बुधवार) को उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अभी सेंसेक्स 80 अंक चढ़कर 81,950 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी करीब 50 अंक की तेजी के साथ 25,200 के स्तर के आस-पास कारोबार कर रहा है। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स अपने दिन के ऊपरी स्तर से करीब 650 अंक गिरा और निफ्टी भी डे हाई से 185 अंक गिरा है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 82,503 का और निफ्टी ने 25,372 का हाई बनाया था। FMCG, ऑटो, IT और फार्मा सेक्टर में 1.5% तक की गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं ऑयल एंड गैस, मीडिया, मेटल, प्राइवेट बैंक और रियल्टी सेक्टर में 3% तक की तेजी है। सेंसेक्स 30 में से 21 शेयरों में तेजी और 9 में गिरावट देखने को मिल रही है। जोमैटो, BEL और बजाज फाइनेंस के शेयरों में 5% तक की तेजी है।



■ निफ्टी में भी 167 अंक की तेजी रही, ऑयल एंड गैस सेक्टर सबसे ज्यादा 3.4% चढ़ा

वहीं एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और सन फार्मा के शेयर्स में 5% तक की गिरावट देखने को मिल रही है। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 1.05% बढ़कर 5,138 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 0.58% गिरकर 53,024 पर कारोबार कर रहा। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 2.21% चढ़कर 27,725 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.49% बढ़कर 4,160 पर कारोबार कर रहा।

## नए समझौते पर सहमति का दबाव बनाया, एक जंगी बेड़ा पहले ही पहुंच चुका है

# दूसरा नौसैनिक बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा : ट्रम्प

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ शिकंजा और कसने की तैयारी में है। अमेरिका ईरान के आसपास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है।

मंगलवार को दिए एक भाषण में ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका का एक और नौसैनिक बेड़ा ईरान की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हालांकि, इसकी उन्होंने ज्यादा जानकारी नहीं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान को नए समझौते पर सहमत किया जा सकता है।

एक हफ्ते पहले भी ट्रम्प ने इसी तरह का बयान देते हुए कहा था कि एक बड़ा अमेरिकी सैन्य बेड़ा ईरान की तरफ बढ़ रहा है। बीबीसी फारसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी युद्धपोत ‘USS अब्राहम लिंकन’ मिडिल ईस्ट में पहुंच चुका है। USS अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है। ईरान ने बातचीत की इच्छा जताई है, लेकिन शर्तों को सिरे से खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने जून में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमलों का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि तीन सुविधाओं पर हमले से ईरान की परमाणु क्षमता पूरी तरह नष्ट हो गई है। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान थे।



### ईरान पर मैक्सिमम प्रेशर की नीति अपनाते हैं ट्रम्प

इसके बदले में ईरान को अमेरिका और अन्य देशों ने लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों में छूट दी, खासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और व्यापार पर। इससे ईरान की अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ था। ट्रम्प ने चुनाव प्रचार में ही इस समझौते को दुनिया का सबसे खराब समझौता कहा था। उनका कहना था कि यह समझौता ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को सिर्फ टालता है, खत्म नहीं करता। ईरान ने समझौते में बुरे इरादे से हिस्सा लिया और पहले अपना परमाणु हथियार कार्यक्रम छिपाया था। उन्होंने कहा था कि समझौता ईरान के अन्य बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रॉक्सी ग्रुप्स को समर्थन, आतंकवाद और अमेरिकियों की हिरासत पर रोक नहीं लगाता। 8 मई 2018 को ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में जॉइंट कॉम्प्रीहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन (JCPOA) से बाहर निकलने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने उन सभी प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया जो समझौते के तहत हटाए गए थे।

**ट्रम्प ने एक्सियोस को दिए एक अलग इंटरव्यू में कहा कि ईरान के साथ स्थिति अभी बदल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। ट्रम्प ने कहा, ‘ईरान के पास वेनेजुएला से बड़ा आर्मडा (बेड़ा) है।’ उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के अधिकारी कई बार संपर्क कर चुके हैं और वे डील करना चाहते हैं। ट्रम्प का मानना है कि ईरान बात करने के लिए उत्सुक है।**

# इराक में अपनी पसंद का पीएम चाहते हैं ट्रम्प

## कहा- नूरी-मलिकी को फिर प्रधानमंत्री बनाया तो कोई मदद नहीं करेंगे, उसकी नीतियां पागलों वाली

बगदाद, एजेंसी

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर इराक पूर्व प्रधानमंत्री नूरी अल-मलिकी को फिर से प्रधानमंत्री बनाता है, तो अमेरिका इराक से अपना समर्थन वापस ले लेगा।

ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट में लिखा, ₹मैं सुन रहा हूं कि महान देश इराक बहुत गलत फैसला ले सकता है और नूरी अल-मालिकी को फिर से प्रधानमंत्री बना सकता है।₹ उन्होंने कहा कि मलिकी के पिछले कार्यकाल में इराक गरीबी और हिंसा में डूब गया था। ऐसा दोबारा नहीं होने देना चाहिए।

ट्रम्प ने आगे कहा कि मलिकी की नीतियां और विचारधारा पागलों वाली है। अगर वे चुने गए, तो अमेरिका इराक की मदद नहीं करेगा। बिना अमेरिकी सहायता के इराक के पास सफलता, समृद्धि या आजादी की कोई संभावना नहीं रहेगी। मलिकी इराक के इस्लामिक पार्टी के लंबे समय से नेता रहे हैं। वे 2006 से 2014 तक इराक के प्रधानमंत्री रहे, जो पोस्ट-सद्दाम हुसैन युग में सबसे लंबा कार्यकाल है। उन्होंने दो टर्म पूरे किए। 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में सद्दाम हुसैन की सत्ता समाप्त होने के बाद इराक में अराजकता और संप्रदायिक हिंसा बढ़ गई थी। 2006 में इब्राहिम अल-जाफरी के इस्तीफे के बाद मलिकी को समझौते के तौर पर प्रधानमंत्री चुना गया। शुरुआत में उन्होंने राष्ट्रीय एकता सरकार बनाई, जिसमें शिया, सुन्नी और कुर्द शामिल थे। 2006 में ही मलिकी ने सद्दाम हुसैन की फांसी को मंजूरी दी।



### इराक में प्रधानमंत्री पद पर अटका विवाद

इराक में संसदीय चुनाव 11 नवंबर 2025 को हो चुके हैं। यह इराक के 329 सदस्यों वाली संसद के लिए चुनाव था, जो राष्ट्रपति चुनती है और फिर प्रधानमंत्री की नियुक्ति होती है। प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी की गठबंधन ने सबसे ज्यादा सीटें जीतीं (लगभग 46 सीटें), लेकिन कोई भी गठबंधन बहुमत में नहीं आया। इसलिए सरकार बनाने के लिए गठबंधन और बातचीत चल रही है।



■ मलिकी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से हाथ मिलाते हुए। तस्वीर- 7 अप्रैल 2009।

### शिया नेता हैं मलिकी, ईरान के करीबी सहयोगी माने जाते हैं

मलिकी ने 2006 से 2014 तक इराक के प्रधानमंत्री के रूप में काम किया। माना जाता है कि उनके समय में ही इराक में संप्रदायिक हिंसा, राजनीतिक अस्थिरता और ISIS जैसे उग्रवादी समूहों का उदय हुआ था।

इससे पहले रविवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मौजूदा इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी से फोन पर बात की। रुबियो ने कहा कि वे उम्मीद करते हैं कि अगली सरकार मिडिल ईस्ट में शांति लेकर आए। मलिकी शिया नेता हैं और ईरान के सबसे करीबी सहयोगी माने जाते हैं। ट्रम्प ईरान को अपना बड़ा दुश्मन मानता है। उनको डर है कि मलिकी की वापसी से इराक में ईरान का प्रभाव और बढ़ जाएगा।

## आतंक का नया गठजोड़, हमास और लश्कर कमांडर के बीच दोहा में मीटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय आतंकी संगठनों के बीच बढ़ते तालमेल की ओर इशारा करते हुए एक बड़ा खुलासा सामने आया है। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के एक सीनियर कमांडर फैसल नदीम ने पहली बार सार्वजनिक रूप से हमास से संपर्क और उसके शीर्ष नेताओं से मुलाकात की बात कबूल की है।

इस कबूलनामे की वजह से भारत समेत अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की सूची में शामिल लश्कर और हमास के बीच यह सीधा संपर्क एक उभरते वैश्विक आतंकी नेटवर्क की ओर संकेत करता है।

एनडीटीवी रिपोर्ट के अनुसार, एक वीडियो में पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (PMML) के कमांडर फैसल नदीम ने बताया कि उसने साल 2024 में कतर की राजधानी दोहा में हमास के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी। PMML को लश्कर-ए-तैयबा का राजनीतिक मुखौटा माना जाता है।



फैसल नदीम के अनुसार, इस यात्रा में उसके साथ सैफुल्लाह कसूरी भी मौजूद था। कसूरी को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड बताया जाता है। नदीम ने दावा किया कि दोनों की मुलाकात हमास के वरिष्ठ नेता खालिद मशाल से हुई।

भारतीय खुफिया एजेंसियों का मानना है कि यह बयान दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व में सक्रिय आतंकी नेटवर्कों के बीच सीधे समन्वय का ठोस प्रमाण है। विश्लेषकों के मुताबिक, यह गठजोड़ लॉजिस्टिक्स, प्रचार और ऑपरेशनल अनुभव साझा करने तक सीमित नहीं रह सकता।

**आरोप : बाइडेन पर हथियारों की सप्लाई रोकने का आरोप लगाया, कहा- अब अपनी हथियार इंडस्ट्री बनाएंगे**

# गाजा में अमेरिका के कारण हमारे सैनिक मरे : नेतन्याहू

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि अमेरिका की वजह से इजराइल के कई सैनिक मारे गए। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक उन्होंने कहा कि हमास के खिलाफ गाजा जंग के दौरान हथियारों और गोला-बारूद की सप्लाई रोक दी गई थी। नेतन्याहू ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इजराइल के पास जरूरी गोला-बारूद खत्म हो गया था, इस वजह से कुछ सैनिकों की जान चली गई। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इस वजह से कितने सैनिकों की मौत हुई।

इजराइली पीएम ने सीधे तौर पर पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि यह हथियार रोक तब खत्म हुई जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बने। उनके मुताबिक, ट्रम्प के राष्ट्रपति बनते ही इजराइल को फिर से हथियार मिलने लगे। नेतन्याहू ने कहा कि विदेशी सैन्य सहायता पर निर्भरता कम करने के लिए वे एक मजबूत और स्वतंत्र घरेलू हथियार इंडस्ट्री बनाएंगे।





■ पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने 27 जनवरी को यरूशलम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

### नेतन्याहू बोले- अब इजराइल के पास दो मकसद

नेतन्याहू ने कहा कि गाजा से आखिरी बंधक की वापसी के बाद अब इजराइल का पूरा ध्यान हमास से हथियार छीनने और गाजा को पूरी तरह से खाली करने पर है। उन्होंने कहा कि जब तक ये दोनों मकसद पूरे नहीं होते हैं तब तक गाजा में किसी तरह का पुनर्निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि गाजा में डेवलपमेंट का काम पहले शुरू हो सकता है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं होगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि गाजा को दोबारा नए सिरे से रिस्ट्रक्चर और डेवलप किया जाना चाहिए, ताकि वहां से हिंसा और आतंकवाद की जड़ें खत्म हों।

### अमेरिकी मदद पर निर्भरता कम करना चाहते हैं नेतन्याहू

नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध में सैनिकों की मौत आम बात है, लेकिन कुछ मौतों को टाला जा सकता था। गोला-बारूद की कमी के कारण सैनिकों को घरों में घुसकर लड़ना पड़ा और कई सैनिक मारे गए। लेकिन अब ऐसा दोबारा कभी नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि अगले दशक के भीतर इजराइल अमेरिकी सहायता पर निर्भरता कम कर दे। उनका मकसद हथियार के क्षेत्र में ज्यादा स्वतंत्रता हासिल करना है, ताकि कभी भी हथियारों या गोला-बारूद की कमी न हो।

# गियर अटकने से रनवे पर फिसला नासा का विमान

## आग और धुएं के बीच इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी स्पेस रिसर्च कंपनी नासा (NASA) का एक प्लेन हवा में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान के दौरान प्लेन में कुछ तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण आनन-फानन में प्लेन को टेक्सस के एक हवाईअड्डे पर लैंड करवाया गया। लैंडिंग के दौरान प्लेन के पिछले हिस्से में आग और धुआं निकलने लगा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ये नासा का एक रिसर्च प्लेन था, जिसकी इमरजेंसी बेली लैंडिंग हुई। प्लेन को टेक्सस के ह्यूस्टन में एलिंगटन हवाई अड्डे पर उतारा गया। तकनीकी खराबी के कारण प्लेन का लैंडिंग गियर नहीं खुल पाया, ऐसे में प्लेन रनवे पर फिसलते हुए लैंड हुआ। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्लेन हवाई पट्टी पर उतरने के बाद रनवे पर फिसलने लगा है, जिसके बीच प्लेन के पिछले हिस्से से आग और धुआं निकल रहा है। नासा ने भी घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्लेन में मौजूद पायलट समेत सभी सदस्य बिल्कुल सुरक्षित हैं। X पर पोस्ट शेयर करते हुए नासा ने बताया कि प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण विमान रा लैंडिंग गियर नहीं खुला और प्लेन को एयरपोर्ट पर बेली लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान प्लेन रनवे पर फिसलता नजर आया। नासा ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।



तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96